


दैनिक

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -41 जबलपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


मैहर जा रहे वाहन में 22 लोग सवार थे-तूफान वाहन एक बल्कर से टकरा गया-गंभीर घायलों को रीवा रेफर किया गया

# ट्रक और एसयूवी की टक्कर 8 की मौत, 14 घायल

सीधी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सीधी में सिटी कोतवाली इलाके में दो वाहनों की टक्कर में 8 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इनमें से 8 गंभीर घायलों को रीवा रेफर किया गया है। हादसा कोतवाली थाना इलाके में हुआ। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। घायलों में 6 बच्चे भी हैं।

थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया, राजमणि साहू अपनी बेटी का मुंडन संस्कार कराने मैहर के झोखों जा रहे थे। उनके परिवार के साथ ससुराल पक्ष के लोग भी थे। बल्करसीधी से बहरी की ओर जा रहा था। रात करीब ढाई बजे उपनी पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों और रास्ते से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी।

**हादसे में आठ की हुई मौत**

कुंजलाल साहू पिता लखपत साहू, 32 वर्ष, निवासी पड़रिया थाना बहरी जिला सीधी एतवरिया साहू पति राजमन साहू, उम्र 48 वर्ष, निवासी पड़रिया थाना बहरी जिला सीधी गंगा साहू पिता सहदेव साहू, उम्र 60 वर्ष, निवासी अमिलिया, सीधी एतवरिया साहू पति दीनदयाल साहू, उम्र 50 वर्ष, निवासी देवरी थाना बहरी जिला सीधी सुखरजुआ पति श्यामलाल साहू, उम्र 34 वर्ष, निवासी देवरी थाना बहरी जिला सीधी फूलकली साहू पति तीरथ साहू, उम्र 50 वर्ष, निवासी देवरी जिला सीधी सुशीला साहू पति लालमन साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासी देवरी जिला सीधी एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है



सीएम ने दिए 2-2 लाख की आर्थिक सहायता के निर्देश

**सीएम डॉ. मोहन यादव जताया शोक, आर्थिक सहायता देने के निर्देश**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स हैंडल पर लिखा- सीधी जिले अंतर्गत उपनी गांव के समीप देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में मैहर माता के दर्शन करने जा रहे यात्री वाहन और ट्रक की भयानक टक्कर में आठ यात्रियों की असामयिक दर्दनाक मृत्यु का अत्यंत ही दुःखद समाचार मिला है। मेरी गहरी शोक संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। देर रात जिला एवं पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों के इलाज का इंतजाम किया, साथ ही गंभीर घायल यात्रियों को रीवा रेफर किया गया है। सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपये एवं सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

## एयर इंडिया फ्लाइट में बम की धमकी, न्यूयार्क जाते समय बीच रास्ते से वापस मुंबई आया प्लेन

मुंबई.(आरएनएस)। मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की एक उड़ान में बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद इसे मुंबई वापस लाया गया. इस बारे में आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. विमान में 320 से अधिक लोग सवार थे और यह सुरक्षित रूप से मुंबई में उतर गया. सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं.

एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान एआई 119 में संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला. आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद, विमान में सवार सभी लोगों की सुरक्षा के हित में विमान को वापस मुंबई ले जाया गया. सूत्रों ने बताया कि विमान में बम रखे होने की सूचना मिली थी और इस बाबत विमान के शौचालय में एक पत्र मिला. एक सूत्र ने बताया कि बोइंग 777-300 ईआर विमान में चालक दल के 19 सदस्यों सहित 322 लोग सवार थे.

## सीएम मोहन यादव ने किया माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ, छोड़ी एक बाघिन



भोपाल/शिवपुरी (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10 मार्च को शिवपुरी स्थित माधव टाइगर रिजर्व का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक बाघिन को छोड़ा। अब यहां बाघों की संख्या 7 हो गई है। इसके साथ ही सीएम डॉ. यादव ने माधव टाइगर रिजर्व की सेफ्टीवॉल का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्व. माधव राव सिंधिया को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इस टाइगर रिजर्व से चंबल क्षेत्र की पहचान बदल जाएगी। स्व. माधव राव सिंधिया ने वन्य जीवों का संरक्षण किया था। इस माधव टाइगर रिजर्व के रूप में हमें उनसे सौगात मिली है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन हमारे चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है। 9वें टाइगर रिजर्व माधव टाइगर रिजर्व को लोकार्पण से प्रदेश के इतिहास में नया अध्याय जुड़ा है। यहां बाघ पुनर्स्थापन का एक बड़ा प्रयोग हुआ है। इस टाइगर रिजर्व की स्थापना भारत सरकार के मापदंडों के आधार पर किया गया है। यह भारत का 58वां टाइगर रिजर्व है। यह टाइगर रिजर्व विकास के पथ पर बढ़ता कदम है। टूरिज्म सेक्टर में चंबल नई कहानी लिखेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीता प्रोजेक्ट चलाकर प्रदेश के विकास के लिए कदम बढ़ाए थे। चीता प्रोजेक्ट देश के ईको-सिस्टम को विकसित करने का संकल्प था। अब उनके दूसरी पीढ़ी के चीतों को छोड़ा जा रहा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की दबिश

छत्तीसगढ़ में 15 स्थानों पर ईडी का छापा, भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास पर भी कार्रवाई, भड़के कांग्रेसी



**तड़के सुबह ईडी की टीम पहुंची, कांग्रेसियों का हंगामा भूपेश बघेल के निवास के बाहर कांग्रेसी धरने पर बैठे**

रायपुर/भिलाई (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छत्तीसगढ़ में 15 स्थानों पर छापामार कार्रवाई की है। इनमें कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भिलाई स्थित आवास भी शामिल है। भूपेश बघेल के निवास पर छापे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में कांग्रेस जुटने लगे। उनका आरोप है कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष नेताओं को परेशान कर रही है। अब तक की जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार सुबह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के भिलाई स्थित पदुमनगर निवास पर छापा मारा। यह कार्रवाई रा'य में कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सिलसिले में की गई है। ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल के ठिकानों समेत रा'य में कुल 15 स्थानों पर छापेमारी की है। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीम चार इनोवा गाड़ियों में पूर्व मुख्यमंत्री के निवास पर पहुंची और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। इसके अलावा, बिल्डर मनोज राजपूत, अजय चौहान, सहेली 'वेलर्स के संदीप सिंह, होटल कैमलिन और दो राइस वेयर हाउस पर भी ईडी की टीमें पहुंचकर जांच कर रही हैं।

भिलाई में कहां-कहां ईडी के छापे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का निवास भिलाई तीन निवासी संदीप सिंह मनोज राजपूत बिल्डर सहेली 'वेलर्स होटल कैमलिन दुर्ग दो राइस मिलर भिलाई में बघेल के निवास पर ईडी की कार्रवाई के दौरान सीआरपीएफ जवानों के साथ कांग्रेसियों का विवाद भी हुआ। मीडिया कर्मियों को कवरेज से रोके जाने पर कांग्रेसियों ने हंगामा किया। कुछ देर में ही माहौल शांत हो गया। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ शुरू की नारेबाजी। बड़ी संख्या में कांग्रेसी पूर्व मुख्यमंत्री के निवास के सामने पहुंचे हैं। ईडी ने पहले कहा था कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण रा'य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों की जेबों में 2100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम गई।

बजट सत्र में विपक्ष करेगा सरकार को घेरने की कोशिश--सिंहस्थ के लिए विशेष प्रावधान, अधोसंरचना विकास पर जोर

# एमपी विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की शुरुआत, कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**बजट में गांव, गरीब युवा, महिला और किसान पर होगा फोकस**



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। सदन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से यह शुरू हुआ। इसके पहले कांग्रेस विधायक काले नकाब और हाथों में तख्तियां लिए यहां पहुंचे। उन्होंने सत्र का समय बढ़ाने के साथ सरकार पर मुंह छिपाने का आरोप लगाया। विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाए जाने को लेकर कांग्रेस के विधायकों ने गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया । हाथों में तख्ती लेकर सरकार पर सदन में चर्चा से भागने का आरोप। कहा कि जनहित के कई मुद्दे हैं, जिन पर सदन में चर्चा कराई जानी आवश्यक है। 11 मार्च को आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया तो 12 मार्च (बुधवार) को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्तुत किया जाएगा।यह चार लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। इसमें सरकार को फोकस गांव, गरीब युवा, महिला और किसान पर होगा। सत्र के हंगामादार होने के आसार हैं। विपक्षी दल कांग्रेस इस दौरान भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एससी-एसटी और महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के मुद्दे उठाकर सरकार को घेरने का प्रयास करेगी तो सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सहित अन्य उपलब्धियों को सामने रखेगी।

**11 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का हो सकता है**

15 दिवसीय बजट सत्र में नौ बैठकें होंगी। सरकार वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट मंगलवार को प्रस्तुत करेगी। यह 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है।

वित्त विभाग भी देख रहे उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेंगे। इसमें सिंहस्थ के लिए विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। अधोसंरचना विकास पर जोर रहेगा। इस बार बजट पुस्तिका के साथ क्यूआर कोड भी जारी किया जाएगा। इसे स्कैन करते ही सरकार की आमदनी, खर्च और विभागों को दी जाने वाली राशि का पूरा ब्योरा मोबाइल पर ही देखा जा सकेगा।

**ढाई हजार से ज्यादा**

**आश्वासन लंबित**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबित आश्वासन, प्रश्न, लोक लेखा समिति की कंडिकाओं और शून्यकाल की सूचनाओं के उत्तर समय पर दिए जाएं। उल्लेखनीय है कि सरकार की ओर से सदन में दिए गए ढाई हजार से अधिक आश्वासन लंबित हैं।

**मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के बयान पर कांग्रेस मांगेगी सफाई**




उधर, कांग्रेस ने सरकार को सदन में घेरने के लिए भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, परिवहन सहित अन्य घोटालों को उठाने की तैयारी की है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताने संबंधी बयान पर सफाई मांगी जाएगी तो परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की नियुक्ति में गड़बड़ी, घोटाले की जांच, धान खरीदी में करोड़ों रुपये की आर्थिक अनियमितता सहित अन्य मुद्दे उठाकर सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

## पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए-राहुल गांधी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज सुबह 11 बजे शुरू हुआ। लोकसभा के एजेंडे के अनुसार, स्थायी समितियों की ओर से कई विधेयक और रिपोर्ट पेश की जाएंगी। दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा को पिछली बार 13 फरवरी को स्थगित किया गया था, जिसके बाद सत्र का पहला चरण समाप्त हो गया। दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। सरकार वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर जोर दे रही है, इस बीच, विपक्ष द्वारा मणिपुर में हाल ही में हुई हिंसा और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों सहित अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधने की उम्मीद है।

## हंगामे के साथ शुरू हुआ बजट सत्र का दूसरा चरण

नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आजे से शुरू हुआ। पहले ही दिन विपक्ष और सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति ;एनईपीद्ध के माध्यम से कथित तौर पर ष्हिंदीष् भाषा थोपे जाने को लेकर एक बार फिर टकराव देखने को मिला। डीएमके सांसदों ने केंद्र पर शिक्षा निधि रोकने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या राज्य सरकार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के लिए स्कूल फंड का इस्तेमाल करना उचित है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हमले का जवाब दिया और विरोध करने वाले सदस्यों पर एनईपी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही राहुल गांधी ने मतदाता सूची के मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग उठाई। वहींए संसद के दोनों सदनों ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और भविष्य के मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं। लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर द्रमुक सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्षी दल पर तमिलनाडु के छात्रों के भविष्य को बर्बाद करने का आरोप लगाया। पीएमश्री योजना को लेकर द्रमुक सांसद टी सुमति के पूरक प्रश्न पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के जवाब के बाद द्रमुक सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

## महू उपद्रव में चार लोग घायल, वीडियो देख 13 लोगों को हिरासत में लिया... हिंदू जागरण मंच ने किया बंद का आव्हान



महू (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के महू में रविवार रात चैपियंस ट्राफी की जीत के जश्न में निकाले जा रहे जुलूस पर पथराव और पेट्रोल बम फेंके गए थे।

करीब 2 घंटे से भी ज्यादा समय तक चले उपद्रव में चार लोग घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी और सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो से पहचान कर 13 लोगों को हिरासत में लिया है। महू में उपद्रव के बाद पूरी रात कलेक्टर और पुलिस अधिकारी संवेदनशील इलाको में पैदल घूमकर स्थिति को कंट्रोल करने में लगे रहे। सुबह शहर में स्थिति सामान्य रही, बाजार भी खुले। इधर हिंदू जागरण मंच के लोगों ने पथराव के विरोध में आज बाजार बंद का आव्हान किया है।

**सेना भी हो गई थी अलर्ट**

उपद्रव की सूचना मिलने के बाद महू सैन्य छावनी क्षेत्र में सेना भी अलर्ट हो गई थी। इसके बाद सेना की एक क्विक रिस्पांस टीम विवाद वाले स्थान पर पहुंच गई थी। पुलिस के साथ सेना के जवान भी रात में चौराहों पर तैनात रहे।

## अगर कोई जय श्री राम कहे तो जय शिवाजी-जय भवानी से दें जवाब, उद्धव ठाकरे ने अचानक ऐसा क्यों कहा?



मुबंई (आरएनएस) शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर समाज में विभाजन पैदा करने और जहर घोलने का आरोप लगाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपने समर्थकों से जय श्री राम के जवाब में जय शिवाजी और जय भवानी कहने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो कोई भी जय श्री राम कहता है, उसे जय शिवाजी और जय भवानी भी कहना चाहिए। उन्होंने भाजपा के कार्यों का कड़ा विरोध किया और कहा कि उनका इरादा उनके सामाजिक प्रभाव को चुनौती देना है। अगर कोई जय श्री राम कहता है, तो उसे जय शिवाजी और जय भवानी कहे बिना मत जाने दो। भाजपा ने हमारे समाज में जहर घोल दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा को कड़ी चुनौती दूंगा, क्योंकि उन्होंने हमारे समाज के साथ जो किया है। ठाकरे ने भाजपा के देशभक्तिपूर्ण रुख पर सवाल उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय खेलों पर उनके बदलते रुख का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ मैचों के विरोध के बावजूद भारत अब पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों के साथ क्रिकेट खेलता है। परियोजना निरंतरता के बारे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की विधानसभा टिप्पणी का जवाब देते हुए, ठाकरे ने सुझाव दिया कि यदि फडणवीस उनके उदाहरण का अनुसरण करना चाहते हैं,

रेलवे ( संशोधन ) विधेयक 2025 पारित- सरकार अधिक दक्षता, सुरक्षा और सशक्तिकरण का आश्वासन देती है

## राज्यसभा ने रेलवे सुधारों के लिए ऐतिहासिक विधेयक पारित किया- मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला



नई दिल्ली-(आरएनएस)। आज राज्यसभा ने भारत में रेलवे संचालन को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक विधेयक पारित किया। सदन को संबोधित करते हुए, रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने क्षेत्रीय कार्यालयों को सशक्त बनाने, दक्षता बढ़ाने और सहकारी संघवाद को मज़बूत करने में विधेयक की भूमिका पर ज़ोर दिया। मंत्री ने चर्चा में भाग लेने वाले 25 सांसदों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मूल्यवान सुझावों और बहसों को स्वीकार किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विधेयक मौजूदा क़ानूनों को सरल बनाने के लिए बनाया गया है और राज्य सरकारों की शक्तियों को कम नहीं करता है। इसके बजाय, यह रेलवे क्षेत्रों में महाप्रबंधकों को 1,000 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को मंजूरी देने का पूरा अधिकार देकर विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देता है।

राज्यवार रेलवे विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए, श्री वैष्णव ने उन राज्यों में पर्याप्त बजट आवंटन का हवाला दिया जहां सत्तारूढ़ पार्टी सत्ता में नहीं है। केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सभी को पिछले प्रशासनों की तुलना में काफ़ी अधिक आवंटन प्राप्त हुआ है।

रेलवे में प्रमुख उपलब्धियां और सुधार-

बुनियादी ढांचा विकास

पिछले 11 वर्षों में, जर्मनी के कुल रेल नेटवर्क को पार करते हुए, 34,000 किलोमीटर नई रेलवे ट्रैक बिछाई गई हैं। 45,000 किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा हो गया है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता काफ़ी कम हो गई है। 50,000 किलोमीटर पुरानी पटरियों को नई, उच्च गुणवत्ता वाली रेलों से बदल दिया गया है।

संरक्षा संवर्द्धन- रेलवे संरक्षा में निवेश पिछले प्रशासन के तहत ?8,000 करोड़ से बढ़कर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ?1.14 लाख करोड़ हो गया है। रेल फ्रैक्चर में 91त्न की कमी आई है, जिसमें 2013-14 में 2,548 से घटकर आज सिर्फ़ एक अंश हो गया है। एसआईएल 4 प्रमाणन के साथ कावाच सुरक्षा प्रणाली की शुरूआत, रेलवे संचालन में उच्च स्तरीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना संजीवनी नगर में रात्रि कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि जबाली पैलेस में शादी विवाह समारोह में बारात लग रही है जिसमें अत्याधिक ध्वनि में डीजे बजाया जा रहा है जिससे आम जन एंव बच्चों को पढ़ाई करने में असुविधा हो रही है सूचना पर जबाली पैलेस में दबिश दी डीजे एवं डीजे संचालक नहीं मिले, जबाली होटल के कर्मचारी एवं गार्ड से पूछने पर बताया कि लक्ष्मी बेंड धनवंतरीनगर के संचालक द्वारा बारात में बेंड बाजा तथा डीजे, साउण्ड बाक्स के माध्यम से बजाकर अत्याधिक ध्वनि से गाने बजा रहा था बारात लगाकर लक्ष्मी बेंड का संचालक अपना बेंड और डीजे साउण्ड बाक्स लेकर चला गया है

# महाप्रबंधक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला विजेताओं को सम्मानित किया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय एवं तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसी कड़ी में मुख्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 05 मार्च से 10 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस तारतम्य में 05 एवं 06 मार्च को महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही महिलाओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को ऑनस्पॉट पुरस्कृत किया गया।

सोमवार दिनांक 10 मार्च 2025 को रेलवे मुख्यालय सभागार में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया एवं महिलाओं को हमेशा आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात ने भी महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) श्री अजय कुमार दीक्षित, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक श्रीमती सीमा मेहरा, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (चेयरपर्सन) श्रीमती स्वाति अग्रवाल, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (आई आर) श्री संजय कुमार एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यालय कार्मिक विभाग के सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) श्री अभय कुमार गुप्ता एवं कल्याण अनुभाग का विशेष सहयोग रहा।



# मधुवन महिला मंडल के होली मिलन में खिली गुलाबी छटा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिवस मधुवन कॉलोनी, उखरी रोड में मधुवन महिला मंडल के होली मिलन कार्यक्रम में गुलाबी परिधान में सजी सहेलियों से गुलाबी छटा खिल उठी। उपस्थित महिलाओं ने तरह तरह के खेल और प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। एक से बढ़कर एक फगुआरे गीतों पर नृत्यमय प्रस्तुतियाँ हुईं।

महिलाओं ने परस्पर गुलाबी तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में महिला मंडल की दीप्ति शर्मा, सुमन तिवारी, सुधा दुबे, रागिनी तिवारी, अनुपमा तिवारी, मनोरमा दुबे, मेघा तिवारी, सुशीला पाण्डेय, किरण तिवारी, मंजु पटेल,



जेनिफर रैली, शानू परिहार, आव्या तिवारी आदि उपस्थित रहीं।

# हाईकोर्ट के कर्मचारियों ने कराया रोज़ा अफ्तार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते मप्र हाईकोर्ट में कार्यरत मुस्लिम अधिकारियों व कर्मचारियों ने कचहरी वाले बाबा की दरगाह में रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया। रोजा अफ्तार में इकबाल कमाल, रोशन चौहान, कुदरत खान, बाबर मिर्जा, मंजूर अंसारी, हाजी मुईन खान, तजम्मुल खान, हशमत हुसैन, सफदर अली, मोहसिन कुरैशी, मो. शहरयार, ताबिश खान, आसिफ खान, नदीम अहमद, एड.मो. अली, एसडी खान, शाहिद खान, डॉ. मुईन अंसारी, फैजान कुरैशी, अशफाक आरिफ सहित सैकड़ों रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा कर देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की।

## तालाब में डूबने से दो किशोर की हुई मृत्यु पर आयोग ने संज्ञान लेकर मांगा प्रतिवेदन

जबलपुर। शहर के गोपालबाग तलैया में दो स्कूली बच्चों की तालाब में नहाने के दौरान पानी में डूबने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। दोनों बच्चे स्कूल की छुट्टी होने के बाद तालाब में नहाने गये, जहां गहरे पानी में जाने से दोनों बच्चें उसमें डूब गये और दोनों मासूम की मृत्यु हो गई। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टण्डन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मृतकों के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना अनुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

# दसवीं के गणित विषय के पेपर मे 865 बच्चें रहे अनुपस्थित, कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना

**आज 11 मार्च को रहेगा बारहवी का इनफार्मेटीक प्रेक्टिस का पेपर**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिला मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा का गणित विषय का पेपर हुआ ।जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैँ। गणित प्रश्नपत्र मे शहर के 645 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 865 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन ड्डश्चश्च के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के द्वारा परीक्षा केंद्र मॉडल स्कूल, सीएम राइज स्कूल मेडिकल एवं शासकीय कन्या रानी दुर्गावती स्कूल का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल के दल के द्वारा सेंट नार्बट स्कूल, शा एमएलबी विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी के दल के द्वारा ए पी एन सादर, कन्या सदर एवं केंटोंमेंट खालासा स्कूल का का निरीक्षण किया गया.। एसडीएम जबलपुर के दल द्वारा शा बालक बरेला एवं कन्या बरेला स्कूल का निरीक्षण किया गया। एसडीएम गोरखपुर के दल के द्वारा तेवर एवं अंधमूक विद्यालय का निरीक्षण किया गया।एसडीएम कुण्डम के द्वारा शा विद्यालय मोहनी,शा विद्यालय हरदुली कला एवं कन्या कुण्डम का निरीक्षण किया गया। एसडीएम पाटन श्री मानवेन्द्र सिंह के द्वारा शा उमावि नूनसर सीएम राइज विद्यालय पाटन,कन्या पाटन पाटन का निरीक्षण किया गया। एसडीएम शहपुरा श्री कुलदीप पाराशर के द्वारा उत्कृष्ट बालक शहपुरा का निरीक्षण किया गया। एसडीएम सिहोरा के दल द्वारा सीएम राइज सिहोरा एवं रानीताल कटाव का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित द्वितीय दल द्वारा शिशु विद्यापीठ, पिपरिया, पड़रिया कुण्डम एवं सेंट जोसफ रांझी का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा क्चश्वह्र के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।

11 मार्च को बारहवी का इनफार्मेटिक प्रेक्टिस विषय का पेपर

11 मार्च को कक्षा बारहवी का इनफार्मेटीक प्रेक्टिस विषय का पेपर रहेगा।

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तीन ताप विद्युत गृहों को फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन करने के लिए फ्लाई ऐश उपयोगिता 2025 विषय पर गोवा में आयोजित 14 वें अंतरराष्ट्रीय आवासीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। तीनों विद्युत गृह के अभ?यंताओं को यह पुरस्कार पूर्व केन्द्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने प्रदान किया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन गैर लाभकारी संगठन मिशन इनर्जी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में एनटीपीसी, व?भ?न्न राज्यों की पावर यूटिलिटी व निजी पावर यूटिलि?टी के प्रत?न?ध?यों ने भाग लिया और विद्युत गृहों से निकलने वाली फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन पर




विस्तृत चर्चा की।

किस श्रेणी में मिला पुरस्कार-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को यह पुरस्कार 500 मेगावाट स्थापित क्षमता से कम श्रेणी और श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया को 500 मेगावाट स्थापित क्षमता से अध?क श्रेणी वर्ग में प्रदान किया गया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने 100 प्रतिशत से अध?क फ्लाई ऐश का सतत् व प्रभावी उपयोग किया है। इन पुरस्कारों को अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की ओर से अधीक्षण अभ?यंता राजीव गुप्ता, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की ओर से कार्यपालन अभ?यंता यूएस तमोली व सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की ओर से सहायक अभ?यंता आशीष मानकर ने ग्रहण किया।

फ्लाई ऐश क्या है-फ्लाई ऐश कोयले की राख का सबसे महीन कण है। इसे फ्लाई ऐश इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसे दहन कक्ष से निकास गैसों द्वारा ले जाया जाता है। फ्लाई ऐश कोयले में खनिज पदार्थ से बना महीन पाउडर है, जिसमें कोयले में गैर-दहनशील पदार्थ और अधूरे दहन से बची हुई कार्बन की थोड़ी मात्रा शामिल होती है। फ्लाई ऐश आम तौर पर हल्के भूरे रंग की होती है और इसमें यादातर गाद के आकार और मिट्टी के आकार के कांच के गोले होते हैं। पर्यावरण संबंधी बढ़ती चिंता और समस्या की बढ़ती गंभीरता के कारण फ्लाई ऐश का प्रबंधन करना अनिवार्य हो गया है।

ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई-प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने पुरस्कार के लिए तीनों ताप विद्युत गृह के अभ?यंताओं व कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने फ्लाई ऐश के बेहतर प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर प्रयास और प्रतिबद्धता के माध्यम से जो मील का पत्थर स्थापित किया है, यह उपलब्धि न केवल पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास की मिसाल भी है।

# चर्लपल्ली-मुज़फ़्फ़रपुर-चर्लपल्ली के मध्य होली स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होली स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 07711/07712 चर्लपल्ली-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन तीन-तीन ट्रिप चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर, सतना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

चर्लपल्ली-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 07711 चर्लपल्ली-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन स्पेशल ट्रेन दिनांक 10, 15 एवं 20 मार्च 2025 को चर्लपल्ली स्टेशन से दोपहर 15ः10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 06ः05 बजे, पिपरिया 07ः02 बजे, नरसिंहपुर 08ः00 बजे, मदन महल 09ः50 बजे, कटनी 11ः20 बजे, मैहर 12ः20 बजे, सतना 13ः00 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए मध्य रात्रि 02ः00 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। (03 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 07712 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन दिनांक 12, 17 एवं 22 मार्च 2025 को मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन स्टेशन से भोर 04ः15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना सायं 18ः05 बजे, मैहर 18ः38 बजे, कटनी 19ः25 बजे, मदनमहल रात 21ः05 बजे, नरसिंहपुर 22ः26 बजे, अगले दिन पिपरिया मध्य रात्रि 00ः30 बजे, इटारसी 02ः30 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए सायं 18ः00 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी। (02 ट्रिप)

ठहरावः- काज़ीपेट जंक्शन, पेद्दापल्ली, रामगुंडम, मंचेरियल, बेलमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, मदन महल (जबलपुर), कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर।

कोच संरचनाः- 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 8 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 9 शयनयान श्रेणी, 2 कुर्सीयान द्वितीय श्रेणी एवं 1 एसएलआरडी, 1 जनरेटर कर ।

रेल यात्रियों से अनुरोध है कि होली स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

**एम.पी. ट्रांसको - जेनको के पूर्व एम.डी. बेंडे का लेख प्रसिद्ध पत्रिका पावर लाइन में प्रकाशित**

# फ्यूजन ऊर्जा जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष में एक गेम चेंजर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. पावर ट्रांसमिशन एवं जेनरेटिंग कंपनी के पूर्व प्रबंध संचालक श्री प्रभाकर ए.आर. बेंडे का एक सामायिक लेख ऊर्जा क्षेत्र की प्रसिद्ध पावर लाइन पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। इस लेख में श्री बेंडे ने जलवायु परिवर्तन और इसके कारण पर्यावरणीय सुरक्षा पर वैश्विक प्रभाव के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत कर फ्यूजन ऊर्जा के व्यापक उपयोग पर जोर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पावर सेक्टर के गहरे जानकार के रूप में विख्यात श्री बेंडे के इस लेख पर ऊर्जा विशेषज्ञों ने फ्यूजन ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के कारण जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिये श्री बेंडे द्वारा सुझाये गये तरीकों का सर्मथन किया है। श्री बेंडे ने अपने लेख में इंगित किया है कि मौजूदा नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए महत्वपूर्ण तत्व हैं, और यह परमाणु विस्फोट ऊर्जा से बेहतर विकल्प है।

श्री बेंडे ने विभिन्न शोध पत्रों के अध्ययन के बाद लिखा है कि फ्यूजन ऊर्जा, परमाणु विस्फोट ऊर्जा के एक विकल्प के रूप में कार्य कर सकती है, ताकि भारत जैसे देश में निरंतर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसलिये ऐसी नई प्रौद्योगिकियों का विकास करना आवश्यक हो जाता है, जो समान रूप से प्रभावी हों और बेस लोड पावर आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हों।

परमाणु फ्यूजन प्रौद्योगिकी, जो अभी भी विकासाधीन है, एक गेम चेंजर बनने की क्षमता रखती है क्योंकि यह कोई महत्वपूर्ण पर्यावरणीय खतरे के बिना साफ और लगभग असीम ऊर्जा उत्पन्न करने में सक्षम है

# जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गोविंदराम सेकसरिया अर्थ वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में आज दिनांक 10/03/2025दिन सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री अर्जुन सिंह मरकाम, प्रांत सचिव वनवासी कल्याण आश्रम महाकौशल प्रांत, मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, डॉ संतोष जाटव जी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ विशाल बन्ने, संचालक खेल विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर रहे । सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर मां वाग्देवी सरस्वती कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया



गया। तत्पश्चात पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद जनजातीय गौरव पर आर आर फिल्म की एक गीत कि वीडियो किप्रस्तुति दी गई ।मुख्य वक्ता श्री अर्जुन सिंह मरकाम जी ने कहा कि, इस कार्यक्रम का उद्देश्य रानी दुर्गावती जी 500वीं जयंती और भगवान बिरसा मुंडा जी कि 150वीं जयंती पर जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कतिपय कारणों से इस इतिहास कि घोर उपेक्षा की गई तथा तथ्यो को छिपाने का षड्यंत्र रचा गया ।पहला विरोध तिलका मांझी ने सन् 1780मे अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध किया ।इन सभी छिपाये गये इतिहास को देखें उसपर शोध हो, जिससे कि सच्चा इतिहास सामने आये। जनजातीय समाज में ही स्त्री पुरुष समान रूप संघर्ष करते रहे हैं। भगोरिया पर्व के बारे में विद्यार्थी गणो को गलत जानकारी दी जाती है ।वन अधिनियम से भी जनजाति समुदाय का रोजगार और व्यवसाय छीन लिया गया। जनजातीय समाज सदैव पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ संतोष जाटव जी ने कहा कि जनजातीय समाज ही भारत के मूल निवासी हैं बाकी सब बाहर से आए हुए थे ऐसी मान्यता कुछ हद तक सही है। जनजातीय समाज में मातृसत्तात्मक व्ययस्था हैंइस अवसर पर प्राचार्य के प्राचार्य डॉ नरेशचंद्र त्रिपाठीजी ने कहा कि हमारे देश का इतिहास गौरवशाली और समृद्ध रहाइस अवसर पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन डॉ सुनील देशपांडे जी ने किया। है



भोपाल -उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को भी विकसित करता है। प्रदेश सरकार युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने और खेल अधोसंरचना को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अंकुर खेल मैदान, भोपाल में शिवाजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और शुभकामनाएँ दीं।

**प्रदेश में नर्मदा के संपूर्ण तट पर धार्मिक आयोजनों के लिए किया जाएगा घाट निर्माण**

# माँ नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को पवित्रता के साथ उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिए सरकार है दृढ़ संकल्पित- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को ओंकारेश्वर में ब्रह्मपुरी घाट पर आयोजित अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ब्रह्मपुरी घाट पर माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओंकारेश्वर में भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च माह के बाद चिंहित तीर्थ स्थलों पर शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के लिए जल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैसे जल संरचना नदी-तालाब के दर्शन मात्र से ही मन प्रसन्न हो जाता है। मानव शरीर में जिस प्रकार धमनियों में रक्त का प्रवाह होता है उसी प्रकार धरती पर नदियाँ बहती हैं इसलिए उन्हें पवित्र रखना ज़रूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को पवित्रता के साथ उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में जहां भी नर्मदा तट हैं वहाँ आयोजनों के लिए घाट निर्माण किया जाएगा एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साईनऐप लगायें जाएँगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, जिसमें माँ नर्मदा का स्थान सभी नदियों में सबसे अलग है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वच्छता के माध्यम से विकास के कार्य को भी नए मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केमिकल युक्त खेती करने से फसल का उत्पादन तो होता है, लेकिन जीवन में अनेक बीमारियां भी होती है, इससे बचने के लिए एक अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक व जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए गौ-माता का पालन करना होगा, जिससे दूध के उत्पादन के साथ किसानों की आय भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय त्यौहार भी शासकीय तौर पर मनाये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने ओंकारेश्वर महादेव से प्रदेश की समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री राव देवेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य ट्रस्टी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति प्रतीक चिन्ह स्वरूप भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्याओं एवं बटुकों को फल की टोकरी भेंट की। साथ ही उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। कार्यक्रम में श्रद्धेय गुरुदेव विवेक जी, श्री जोड़ गणपति हनुमान मंदिर ओंकारेश्वर के महंत मंगलदास जी त्यागी, महानिर्वाणी अखाड़ा ओंकारेश्वर के महंत श्री कैलाश भारती, मार्कण्डेय संन्यास आश्रम ओंकारेश्वर के महंत श्री प्रणवानंद जी सरस्वती एवं निजानंद धाम खाचरोद के पूज्य श्री ब्रह्मचारी जी महाराज, खण्डवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, मान्धाता विधायक श्री नारायण पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिये औद्योगिक इकाइयों को हर संभव मदद दी जायेगी

**मंत्रीद्वय विजयवर्गीय एवं सिलावट ने नई संयंत्र इकाई का किया उद्घाटन**



भोपाल (आरएनएस) नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने रविवार को धार जिले के पीथमपुर में मान ग्रुप की मान इंडस्ट्री का उद्घाटन किया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार ने हर कदम पर औद्योगिक कम्पनियों को उद्योग लगाने और निवेश करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ाने के लिये उद्योग संवर्धन नीति में बदलाव किये हैं। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मान कम्पनी के नई यूनिट के उद्घाटन से युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में लगातार औद्योगिक विकास हो रहा है। मान ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रमेश मनसुखानी ने बताया कि हमारी कंपनी गुजरात, जम्मू, अबूधाबी एवं सउदी अरब में उद्योग स्थापित करने के बाद अब पीथमपुर में अपना नया प्लांट स्थापित करने जा रही है। उन्होंने कहा कि मान इंडस्ट्री ग्रुप अत्यंत गर्व और विनम्रता के साथ मध्यप्रदेश की भूमि से गहराई से जुड़ा हुआ है। हमने पहला निर्माण संयंत्र पीथमपुर में स्थापित किया था। पिछले तीन दशकों में हमें प्रदेश के औद्योगिक विकास और देश के ऊर्जा सेक्टर में योगदान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हमारा संगठन 25 देशों के वैश्विक ग्राहकों को अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। मान ग्रुप के चेयरमैन ने बताया कि वे मध्यप्रदेश के ही रहने वाले हैं। हम पीथमपुर में अपने वर्तमान संयंत्र के समीप 100 करोड़ रुपये के निवेश से एक नए विस्तार परियोजना की शुरुआत कर रहे हैं।

## मंत्री प्रहलाद पटेल के दामाद श्यामवीर बने भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ

भोपाल (आरएनएस)।राज्य शासन ने भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ और उज्जैन के अपर कलेक्टर को हटा दिया है। भोपाल विकास प्राधिकरण में अब आईएएस अफसर श्याम वीर को सीईओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्याम वीर मंत्री प्रहलाद पटेल के दामाद हैं। वहीं दो माह से पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत रूही खान को भी सरकार ने काम सौंप दिया है। भोपाल विकास प्राधिकरण में करीब एक साल पहले प्रदीप जैन को सीईओ बनाया गया था। शुक्रवार को जारी आदेश में जैन को बीडीए सीईओ के पद से हटाकर मंत्रालय में उप सचिव के पद पर पदस्थ कर दिया गया है। जैन की पोस्टिंग अभी मंत्रालय में किसी विभाग में नहीं की गई है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में पदस्थ अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे को स्थानांतरित कर अपर कलेक्टर दतिया बनाया गया है। ये दोनों ही अधिकारी राज्य प्रशासनिक सेवा के हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटीं आईएएस अधिकारी रूही खान को शासन ने उप सचिव एमएसएमई के पद पर पदस्थ किया है। साथ ही उन्हें उप सचिव औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्हें 31 जनवरी को भोपाल में उपस्थिति देने के एक माह से अधिक समय बाद अंतर्राष्टीय महिला दिवस के पहले सरकार ने जिम्मेदारी सौंपी है।

## जब नैतिक मूल्यों की गिरावट होती है, तो सख्ती से कानून की ओर जाना पड़ता है-मंत्री पटेल



भोपाल-(आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि देवलिया जी के परिजनों का हृदय से आभार करता हूँ, क्योंकि उन्होंने उनकी स्वाध्याय की; लेखन की; शिक्षा,ज्ञान बांटने की परंपरा का, उनके मन में जो आत्मभाव था,उसे पारितोषक के रूप में इस आयोजन के रूप में सतत बनाए रखा है। मंत्री श्री पटेल आज भोपाल में माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवम शोध संस्थान में राज्य स्तरीय अलंकरण एवं देवलिया स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री श्री पटेल ने इस वर्ष के राज्य स्तरीय भुवनभूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांडेय को उनकी सुदीर्घ पत्रकारिता के लिए प्रदान किया। समिति के इस 14वें वार्षिक आयोजन के अंतर्गत उन्हें सम्मान स्वरूप 11 हजार रुपए एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जब %एक देश-एक कानून% की बात होती है, तो मेरा स्वयं का जो सार्वजनिक जीवन है, वो कम से कम चार दशक का है। उन्होंने कहा कि जो संविधान में लिखा हुआ है कि इस पर विचार करना चाहिए। मैं भी इस बात का हिमायती हूं कि संविधान आपको क्लिष्ट लग सकता है, लेकिन संविधान सभा की बहस; हमारे मन में जो प्रश्न पैदा होते हैं, इन प्रश्नों के उत्तर के समान है और रोचक भी है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आत्मा की व्यवस्था है मोक्ष। इसे सरल तरीके से समझा जा सकता है। अगर हम %एक देश-एक कानून% की बात करते हैं, तो ये समाज की व्यवस्था है। जब नैतिक मूल्यों की गिरावट होती है, तो हमें सख्ती से समाज की ओर जाना पड़ता है, कानून की ओर जाना पड़ता है। हम तो तीसरी सीढ़ी की शुरुआत कर रहे हैं।

व्याख्यान में मुख्य वक्ता पत्रकार प्रो. हर्षवर्धन त्रिपाठी, नई दिल्ली ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने की। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ पत्रकार एवं माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के एडजंक्ट प्रोफेसर शिवकुमार विवेक थे। समारोह में मंच सूत्रधार वरिष्ठ पत्रकार, उद्घोषक एवं कला समीक्षक श्री विनय उपाध्याय, भुवनभूषण देवलिया स्मृति व्याख्यानमाला समिति के सदस्य एवं साहित्यकार श्री अशोक मनवानी और प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## देश में सबसे सस्ती मजदूरी टीकमगढ़ में, रेट सुनकर आप भी रह जाएंगे हैरान

**मनरेगा में मजदूरों को 67 पैसे प्रतिदिन के हिसाब से किया मजदूरी का भुगतान**

टीकमगढ़ (आरएनएस)। जिले में मनरेगा में भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आ चुके है तो अब अधिकारियों द्वारा अपनी मर्जी से मजदूरी भुगतान करने का मामला सामने आया है। टीकमगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत भैरा में मजदूरों को महज 67 पैसे प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी का भुगतान किया गया है। 67 पैसा मजदूरी मिलने से मजदूर परेशान है तो जिम्मेदार काम के अनुपात में मजदूरी देने की बात कह रहे है। ग्राम पंचायत भैरा में पंचायत द्वारा खखरी (पत्थर गड्डी) का काम कराया जा रहा है। इस काम में 10 मजदूर काम कर रहे थे। इन सभी को 7 दिन में 67 पैसे के हिसाब से कुल 4.69 रुपए प्रति मजदूर के हिसाब से भुगतान किया गया है। यह भुगतान मिलने पर मजदूर परेशान है तो सरपंच संघ ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए इसे अधिकारियों की मनमर्जी और कमीशन न मिलने पर जानबूझ कर परेशान करना बताया है। विदित हो कि मनरेगा में मजदूर को एक दिन में 243 रुपए मजदूरी दी जाती है। इस मामले में अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव महेंद्र सिंह ने कलेक्टर के साथ ही पंचायत विभाग के सचिव और मनरेगा आयुक्त से शिकायत की है।

# महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यनंद गिरी महाराज को साधने में जुटी कांग्रेस, कमलनाथ ने शुरू किया डैमेज कंट्रोल

ग्वालियर (आरएनएस)। भोपाल।प्रदेश की राजनीति का एक प्रमुख केंद्र बिंदु ग्वालियर में पहली बार 1008 कुंडीय लक्ष्यचंडी यज्ञ का आयोजन 14 से 21 अप्रैल तक मेला मैदान में किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कल्याण, राष्ट्र उन्नति और आध्यात्मिक जागरण है। उक्त आयोजन के संबंध में निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरी महाराज ने बताया कि यज्ञ के दौरान 1008 पवित्र हवन कुंडों की स्थापना की जाएगी और 21 आचार्यों एवं 11 हजार विद्वान ब्राह्मणों द्वारा एक लाख दुर्गा सप्तशती पाठ किए जाएंगे। 11 पवित्र नदियों, 10 महाविद्याओं, पांच महासागरों, दो देवी स्थानों एवं मानसरोवर से जल लाकर यज्ञ में आहुति दी जाएगी। इस दिव्य आयोजन के माध्यम से 11 करोड़

मंत्रों की आहुतियां समर्पित की जाएंगी, जो विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा उत्पन्न करेंगी। इस महायज्ञ में देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित हस्तियों भी शामिल होंगी, जिसमें कवि कुमार विश्वास, भोजपुरी गायिका मैथिली ठाकुर प्रमुख हैं। इस दौरान देवकीनंदन ठाकुर की भागवत कथा भी होगी। इस महा आयोजन में देशभर के लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे और धर्म, संस्कृति तथा अध्यात्म का अनुपम संगम देखेंगे। इस महायज्ञ के लिए गत दिवस मेला मैदान में भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संक कृपाल सिंह, महामंडलेश्वर हरिदास महाराज जडैरूआ, महामंडलेश्वर आनंद गिरी, महंत बरुआ बाबा एवं महाआयोजन के सूत्रधार निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरी महाराज मौजूद रहे। मानव कल्याण के लिए किए जा रहे इस महायज्ञ से ग्वालियर चम्बल क्षेत्र की जनता को साधने के लिए सियासी दल अपनी अपनी कवायद जरूर करेंगे। सवाल यह भी है कि आखिर इस महाआयोजन से किस दल को फायदा पहुंचाया जा सकता है। एक तरफ महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरी महाराज इस महायज्ञ की तैयारियों में जुटे हैं तो वहीं दूसरी ओर नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की गुप्त मुलाकात ने राज्य के सियासत में एक नए सूत्रपात के शुरुआत की आशंका को बल मिल गया है। राजनीतिक समीक्षक इस गुप्त मुलाकात के कई सियासी मायने तलाश रहे हैं। दरअसल मध्यप्रदेश की राजनीति में एक बड़ा भूचाल आ गया है! महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यनंद गिरी महाराज के कांग्रेस से मोहभंग होने और अब राजनीति से संन्यास लेकर सनातन धर्म के प्रचार में जुटने के ऐलान से कांग्रेस का संत समाज में गिरता प्रभाव और हिंदू वोटबैंक पर मंडराता संकट साफ नजर आ रहा है।

महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यनंद गिरी महाराज ने कांग्रेस से अपनी नाराजगी का खुलासा करते हुए कहा है कि अब वो राजनीति से दूरी बनाकर सिर्फ सनातन धर्म का प्रचार करेंगे।

**कमलनाथ ने शुरू किया डैमेज कंट्रोल !**

महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यनंद गिरी महाराज के इस रुख से कांग्रेस सकते में आ गई है। डैमेज कंट्रोल की कोशिश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने नई दिल्ली में उनसे मुलाकात की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस अब वैराग्यनंद गिरी महाराज को मनाने की हरसंभव कोशिश कर रही है, ताकि हिंदू संत समाज का कांग्रेस से पूरी तरह मोहभंग न हो जाए।

**इस महायज्ञ से किसकी बढ़ेगी मुश्किलें, किसे होगा फायदा :**

महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यनंद गिरी महाराज जैसे प्रभावशाली संत का कांग्रेस से अलग होना न केवल धार्मिक संत समाज के कांग्रेस से कटने का संकेत है, बल्कि हिंदू वोटबैंक में भी सेंध लगा सकता है। इससे पहले भी कांग्रेस पर हिंदू विरोधी राजनीति करने के आरोप लगते रहे हैं और महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यनंद गिरी महाराज का यह फैसला उसी धारणा को और मजबूत कर सकता है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस वैराग्यनंद गिरी महाराज को फिर से साध पाएगी, या फिर यह घटना आगामी चुनावों में कांग्रेस के लिए एक और बड़ा झटका साबित होगी? फिलहाल, मध्यप्रदेश की राजनीति में कांग्रेस बनाम संत समाज की यह जंग तूल पकड़ चुकी है। दूसरी तरफ यह चर्चा भी तेज हो गई है कि विश्व कल्याण, राष्ट्र उन्नति और आध्यात्मिक जागरण के लिए किए जा रहे लक्ष्यचंडी महायज्ञ से आखिर किसे सियासी फायदा मिल सकता है और किसे सिर्फ उम्मीद ही हाथ लगेगी।

## सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के आर्थिक उन्नति के द्वार खोले- खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि मोदी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के आर्थिक उन्नति के द्वार खोल दिए। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मातृशक्ति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। खाद्य मंत्री राजपूत ने यह बात प्रभार के जिले गुना के कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में कही। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि आज महिलाएं घर आंगन से निकलकर चांद पर जा रही हैं। आज हर क्षेत्र में महिलाएं सक्रिय हैं। बदलते समय के अनुसार महिलाओं की शक्ति पूरे विश्व में बढ़ रही है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही फ्लैगशिप योजनाओं का जिक्र करते हुए श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिये कल्याणकारी योजनाओं के संचालन के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उनके लिए आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचाया है। खाद्य मंत्री मंत्री ने लाड़ली बहना योजना का जिक्र करते हुए कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजनाओं ने माताओं और बहनों के सरकार के प्रति बढ़ते विश्वास के कारण ही प्रदेश में बहनों का ढेर आशीर्वाद मिला। आज हर जगह बहने कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। राजपूत ने कहा कि हर्ष की बात यह है कि हमारी माताओं और बहनों को जो भी जिम्मेदारी किसी भी क्षेत्र में मिली है, उसे उन्होंने बड़ी ही जिम्मेदारी से निभाया है।

## मध्यप्रदेश में खेल, खिलाड़ी व खेल मैदान के उन्नयन और युवाओं के समग्र विकास के लिए हो रहे अनवरत प्रयास-मंत्री सारंग

भोपाल (आरएनएस)।मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे अभिनव प्रयासों ने प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने और उनके समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार ने %फिट इंडिया क्लब%, %पार्थ योजना%, %खेलों बढ़ों अभियान% और (एमपीवायपी) (मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान% जैसे महत्वपूर्ण नवाचारों की शुरुआत की है। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के खेल मैदानों, खिलाड़ियों और खेल गतिविधियों को नया आयाम मिला है।

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने यह विचार तेलंगाना के हैदराबाद में आयोजित खेल चिंतन शिविर में साझा किए। मंत्री सारंग ने मध्यप्रदेश में उपलब्ध खेल अधोसंरचनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में 18 खेलों के लिए 11 खेल अकादमियां स्थापित की गई हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। इसके लिए मध्यप्रदेश में विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता वाली खेल अधोसंरचना तैयार की गई है। इन 11 खेल अकादमियों में अंतर्राष्टीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण, अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को खेल हब के रूप में विकसित करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा संकल्प है कि हर युवा को खेल के क्षेत्र में अपने सपने पूरे करने का अवसर मिले और वे देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। खेल चिंतन शिविर के द्वितीय दिवस के तृतीय सत्र में मध्यप्रदेश के खेल मॉडल पर विशेष प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसमें प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास, खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए किए गए नवाचारों की जानकारी साझा की गई। प्रदेश में खेलों के प्रति युवाओं के बढ़ते रुझान, आधुनिक खेल अकादमियों की स्थापना और खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों की केंद्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया ने सराहना की। मध्यप्रदेश मॉडल ने शिविर में भाग ले रहे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों, खेल विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया।

# पीसीओएस के बचाव एवं रोकथाम पर विशेषज्ञों ने किया विचार-विमर्श




भोपाल-(आरएनएस) लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम) के प्रति जागरूकता बढ़ाने, बचाव के उपायों पर चर्चा करने, नीतिगत सुझाव पर विमर्श देने के उद्देश्य से कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) भोपाल में एक दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस हुई।

उल्लेखनीय है कि यह पीसीओएस विषय पर मध्यप्रदेश की प्रथम राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस है। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, श्री संदीप यादव द्वारा किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना, संचालक हेल्थ एवं स्टेट नोडल, प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इंफर्टिलिटी डॉ. रचना दुबे, पीसीओएस सोसाइटी ऑफ इंडिया की प्रेसीडेंट डॉ. दुरु शाह तथा कानपुर की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीरा अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कॉन्फ्रेंस में पीसीओएस के बचाव एवं रोकथाम पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया, जिसमें विभिन्न चिकित्सा विधाओं के विशेषज्ञों ने सहभागिता की। डॉ. सलोनी सिडाना ने पीसीओएस के बचाव के लिये मध्यप्रदेश में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और इस दिशा में जनजागरूकता अभियानों एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

डॉ. रचना दुबे ने पीसीओएस में गट हेल्थ (आंतों के स्वास्थ्य) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे गट में उपस्थित माइक्रोबायोम्स हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि यदि पीसीओएस से प्रभावित महिलाएं अपने आहार पर ध्यान दें और तले-भुने खाद्य पदार्थ, समोसे, कचौड़ी, वसायुक्त भोजन एवं शुगर का सेवन कम करें, तो इस स्थिति को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। पीसीओएस पर व्यापक चर्चा के तहत कई प्रमुख चिकित्सकों द्वारा महत्वपूर्ण सत्र लिए गए, जिनमें डॉ. कविता बापट, डॉ. अर्चना बसेर, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. सुशील जिंदल, डॉ. सुनील मलिक, डॉ. संजय कुमार सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे।



हिंदू धर्म में बुधवार का दिन भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## सेबी की मिलीभगत

शेयर धोखाधड़ी के मामले में पूर्व सेबी प्रमुख माधबी बुच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश विशेष अदालत ने दिया है। अदालत ने इसे प्रथम दृष्टि नियामक चूक व मिलीभगत का सबूत माना और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता बताई। याचिका में बुच के अतिरिक्त पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी लिस्टिंग में अनियमितताओं का दावा किया गया है। नियामक प्राधीकरणों, खासकर सेबी की मिलीभगत से कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज में धोखाधड़ी से सूचीबद्ध करने को कॉरपोरेट धोखाधड़ी बताया है। सेबी की पहली महिला प्रमुख बुच को अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडेनबर्ग द्वारा हितों के टकराव के आरोप लगाए गए थे। बुच दंपति पर फंड संरचनाओं का हिस्सा रही संस्थाओं में निवेश का भी आरोप है, जिसमें अडानी समूह द्वारा भी निवेश किया गया था। बुच का कहना था, यह निवेश उनके नियामक में शामिल होने से पहले किया गया था। हालांकि सेबी ने इस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कदम उठाने की बात की है। साथ ही बुच का समर्थन करते हुए याचिकाकर्ता को तुच्छ व आदतन मुकदमाकर्ता ठहराया। इस दरम्यान स्वयं हिंडनबर्ग अपना कारोबार बंद करने की घोषणा भी कर चुकी है। बुच द्वारा तमाम सराहनीय सकारात्मक कदम उठाये जाने के बावजूद उनके तीन साल के कार्यकाल के दरम्यान कर्मचारियों में जबरदस्त रोष भी नजर आया। खुदरा निवेशकों को बाजार की तरफ आकर्षित करने में सफल रही बुच ने निवेश सलाहकारों के लिए नियमों को आसान बनाने व राइट्स इश्यू को तेजी देने सरीखा काम कर दिखाया। इसके बावजूद उन पर लगे आरोपों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषत: पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है।

पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूंबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है।

## वृदांवन के बांके बिहारी में आज खेली जाएगी फूलों की होली, आखिर कब और क्यों इसकी शुरुआत हुई

होली का त्योहार आने में अब ज्यादा दिन बचें नहीं है। होली का त्योहार की धूम सबसे ज्यादा वृंदावन-मथुरा में देखी जाती है। वृंदावन के बांके बिहारी में आज फूलों की होली का उत्सव मनाया जा रहा है। फूलों की होली हर साल मनाई जाई जाती है। अब यह सवाल उठता है कि फूलों की होली की शुरुआत कब और कैसे हुई। आइए आपको बताते हैं। हिंदू धर्म में होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। पूरे भारक में होली का त्योहार उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। सबसे ज्यादा हर्षोल्लास के साथ ब्रज की होली मनाई जाती है। ब्रज में बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होलाी का उत्सव बेहद ही खास होता है। आपको बता दें कि यह होली रंगों से नहीं, बल्कि फूलों से खेली जाती है। इस दिन पर मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाता है। भक्त एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा करते हैं। यह दृश्य बेहद ही मनमोहक होता है। आपको बताते चलें कि बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली 10 मार्च यानी के आज खेली जा रही है। इस दिन होली के रंगों की जगह पर फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। आइए आपको बताते हैं फूलों की होली की शुरुआत कब और कैसे हुई। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में हर साल होली का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। दुनियाभर में ब्रज की होली बेहद ही प्रसिद्ध है। बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि फूलों की होली खेलने से सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। गौरतलब है कि बांके बिहारी मंदिर में फूलों की परंपरा का इतिहास बेहद प्राचीन रहा है। माना जाता है कि इस परंपरा की शुरुआत स्वामी हरिदास जी ने की थी, जो कि बांके बिहारी जी के प्रकटकर्ता थे। गर्मी के मौसम में भगवान को ठंडक पहुंचाने के

## बुलेट पर बैलेट की जीत से ही निकलेगा नक्सली आतंक का हल

नक्सलियों के आतंक के गढ़ रहे नक्सली प्रभावित इलाकों में चुनावों के जरिए लोकतंत्र के सूरज का उदय हो रहा है। इससे लोकतंत्र के प्रति भरोसा बढने के साथ ही इसकी जड़ें मजबूत हो रही हैं। भटके हुए युवाओं और डरे हुए ग्रामीणों को समझ में आने लगा है कि सिर्फ लोकतांत्रित तरीके से ही उनकी समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए वोट डाले गए। इस दौरान बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिले के अनेक मतदान केंद्रों पर पहली बार अनेक दशकों के बाद ग्राम पंचायतों में मतदान हुए। इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नई सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है।

यह एक ऐतिहासिक बदलाव है और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत को दर्शाता है। राज्य में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, दंतेवाड़ा और गरियाबंद जिलों में और बीजापुर के पुसनार, गंगालूर, चेरपाल, रेड्डी, पालनार जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों ने निर्भीक होकर मतदान किया। गौरतलब है कि बस्तर में नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती में भी इस बार ग्रामीण मतदान के लिए उत्साहित हैं। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव हो रहे हैं। पंचायत चुनावों में ऐसा पहली बार हो रहा है जब नक्सलियों ने इसका विरोध नहीं किया है। राज्य में कमजोर हो रहे नक्सलवाद का यह सबसे बड़ा उदाहरण है।

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से हर बार पंचायत चुनावों में नक्सलियों की तरफ से पोस्टर जारी किए जाते थे लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है जब नक्सलियों ने विरोध नहीं किया। इसके साथ ही स्थानीय लोग भी वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर निकले। इससे पहले नक्सली बस्तर इलाके में वोटिंग करने पर ग्रामीणों को धमकी देते थे। नक्सलियों ने कई बार पोस्टर जारी कर कहा था कि वोटिंग करने वालों की ऊंगलियों को काट लिया जाएगा जिस कारण से ग्रामीण वोटिंग करने के लिए नहीं निकलते थे। इस बार पंचायत चुनाव में ग्रामीणों ने बड़े उत्साह से साथ वोटिंग की है। हार्डकोर नक्सली इलाकों में वोटिंग के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी। हिडमा के गांव में पहली बार वोटिंग छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में पंचायत चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। यहां सुरक्षाबल के जवानों के कारण लोग वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर आ रहे हैं। बस्तर संभाग के 7 नक्सल प्रभावित जिलों में कुल 1855 ग्राम पंचायतें हैं। लोकतंत्र की बुनियादी विजय पताका के फहरे जाने की वजह यह है कि सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सलियों के हार्डकोर इलाके में 40 से अधिक कैंप स्थापित कर लिए हैं। जिस कारण से इन इलाकों में नक्सलियों का प्रभाव कम हुआ है। नए कैंप खुलने के बाद नक्सली पीछे हट गए हैं। वहीं, सुरक्षाकर्मी अब जवानों के गढ़ में घुसकर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं जिससे नक्सलियों में खौफ व्याप्त है। यही कारण है कि नक्सलियों ने इस बार इसका विरोध नहीं किया है।

## भगवान श्रीविष्णु की शक्ति से ही संचालित है संपूर्ण विश्व

यह संपूर्ण विश्व भगवान श्रीविष्णु की शक्ति से ही संचालित है। वे निर्गुण भी हैं और सगुण भी। वे अपने चार हाथों में क्रमश: शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करते हैं। जो भी किरीट और कुण्डलों से विभूषित, पीताम्बरधारी, वनमाला तथा कौस्तुभमणि को धारण करने वाले, सुंदर कमलों के समान नेत्र वाले भगवान श्रीविष्णु का ध्यान करता है वह भव बन्धन से मुक्त हो जाता है।

भक्तिपूर्वक देवदेव विष्णु की एक बार प्रदक्षिणा करने वाला व्यक्ति सारी पृथ्वी की परिक्रमा करने का फल प्राप्त करके बैकुण्ठ धाम में निवास करता है। जिसने कभी भक्ति भाव से भगवान लक्ष्मीपति को नमस्कार किया है, उसने अनायास ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप फल प्राप्त कर लिया। जो स्तोत्र और जप के द्वारा मधुसूदन की उनके समक्ष होकर स्तुति करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर विष्णुलोक में पूजित होता है। जो भगवान के मंदिर में शंख, तुरही आदि बाजों के शब्द से युक्त गाना-बजाना और नाटक करता है, वह मनुष्य विष्णुधाम को प्राप्त होता है। विशेषत: पर्व के समय उक्त उत्सव करने से मनुष्य कामरूप होकर संपूर्ण कामनाओं को प्राप्त होता है।

## नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त होगा

संपतिया उइके

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि नारी सशक्तिकरण ही वास्तविक राष्ट्र सशक्तिकरण की आधारशिला है। जब महिलाएँ आत्मनिर्भर होंगी, तो समाज और देश की प्रगति स्वत: सुनिश्चित होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिलाओं, विशेष रूप से जनजातीय और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रभावी कदम बताया।

मंत्री उइके ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार भी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने व्यापक नीतिगत पहल की हैं, जिनका सीधा लाभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री वन धन योजना जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार और लघु उद्यमों से जोडने का महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे वे अपने पारंपरिक ज्ञान और कौशल का उपयोग कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। आदिवासी छात्रवृत्ति योजना और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय जनजातीय समाज की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण और उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान कर रहे हैं। स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती और धात्री महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर स्वस्थ मातृत्व और पोषण को प्रोत्साहित कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को नीति-निर्माण की केंद्रीय धुरी बना रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की 1.29 करोड़ महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने की ऐतिहासिक पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे परिवार के आर्थिक निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री आदिवासी महिला उद्यमिता योजना जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने के लिये अनुदान और ऋण सहायता उपलब्ध करा रही है।

## रमज़ान के दौरान किन नियमों का पालन करना चाहिए? जानिए क्या करें और क्या नहीं

रमज़ान का महीना इस्लाम में सबसे पवित्र माना गया है। इस पवित्र महीने में रोजा, प्रार्थना, ध्यान और दान के कार्यों से चिह्नित किया जाता है। दुनिया भर के मुसलमानों के लिए ये आध्यात्मिक विकास और आत्म-अनुशासन का समय होता है। इसलिए रमजान के महीने के दौरान मुसलामानों को कुछ प्रथाओं और सिद्धांतों का पालन करना पड़ता है। रमज़ान का पाक महीना चल रहा है। इसे इस्लाम को 9वां महीना माना जाता है। रमजान का पवित्र महीना इस्लामी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण समय है। इस पवित्र महीने को रोजा, प्रार्थना, चिंतन और दान के कार्यों से चिह्नित किया जाता है। दुनिया भर के मुसलमानों के लिए ये आध्यात्मिक विकास और आत्म-अनुशासन का समय होता है। इसलिए रमजान के महीने के दौरान मुसलामानों को कुछ प्रथाओं और सिद्धांतों का पालन करना पड़ता है। चलिए ऐसे में जानते हैं पवित्र महीने के दौरान लोगों को क्या करना चाहिए और क्या करने से बचना चाहिए।

## भारत का तकनीकी पुनर्जागरण: विकसित भारत की यात्रा को गति

अश्विनी वैष्णव

महाराष्ट्र के बारामती में एक छोटा किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ कृषि के नियमों को फिर से निर्धारित करने में जुटा है। यह बात अपने-आप में अद्वितीय है। हम उर्वरक के इस्तेमाल में कमी, जल संसाधन के बेहतर इस्तेमाल से अधिक उपज के बारे में बात करते हैं, जो एआई समर्थित है।

यह भारत की एआई-संचालित क्रांति की एक झलक मात्र है। तकनीक और नवाचार अब प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को बखूबी बदल रहे हैं। कई अर्थों में इस किसान की कहानी एक बहुत बड़े परिवर्तन का सूक्ष्म रूप है। यह सूक्ष्म रूप 2047 तक विकसित भारत की ओर हमारे प्रस्थान का है।

डिजिटल नियति का निर्धारण

भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), एआई, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर जोर देकर अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। दशकों से, भारत सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहा है, किंतु अब यह हार्डवेयर विनिर्माण में भी बड़ी प्रगति कर रहा है।

पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र निर्माणाधीन हैं, जो वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की भूमिका को मजबूत करते हैं। आज इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हमारे शीर्ष तीन निर्यातों में शुमार हैं और जल्द ही हम एक प्रमुख मील के पत्थर यानी इस साल भारत की पहली 卐मेक इन इंडिया卐 चिप के लॉन्च तक पहुंच जाएंगे।

एआई का निर्माण: कंप्यूट, डेटा और इनोवेशन

सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इसकी रीढ़ हैं, जबकि डीपीआई भारत की तकनीकी क्रांति को आगे बढ़ाने वाली प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। भारत अपने तरह की एक एआई संरचना के माध्यम से इसे सभी के लिए सुलभ बनाकर एआई का लोकतंत्रीकरण कर रहा है।

इस संबंध में एक प्रमुख पहल 18,000 से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) के साथ भारत की कॉमन कंप्यूट सुविधा है। 100 रुपए प्रति घंटे से कम की रियायती लागत पर उपलब्ध, यह पहल सुनिश्चित करेगी कि अत्याधुनिक अनुसंधानकर्ताओं, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों के लिए सुलभ हो। यह पहल मूलभूत मॉडल और अनुप्रयोगों सहित एआई -आधारित प्रणालियों को विकसित करने के लिए जीपीयू तक आसान पहुंच को सक्षम करेगी।

भारत विविध और उच्च-गुणवत्ता वाले डेटा पर एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर गैर-व्यक्तिगत अनाम डेटासेट भी विकसित कर रहा है। यह पहल पूर्वाग्रहों को कम करने और सटीकता में सुधार करने में मदद करेगी, जिससे एआई सिस्टम अधिक विश्वसनीय और समावेशी बनेंगे। ये डेटासेट कृषि, मौसम पूर्वानुमान और यातायात प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई-संचालित समाधानों को शक्ति प्रदान करेंगे।

सरकार भारत के अपने आधारभूत मॉडलों के विकास में सहायता कर रही है, जिसमें बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप समस्या-विशिष्ट एआई समाधान शामिल हैं। एआई से जुड़े अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, कई उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

भारत का डीपीआई, डिजिटल नवाचार की रूपरेखा

डीपीआई में भारत के अग्रणी कार्य ने वैश्विक डिजिटल परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। कॉर्पोरेट या राज्य-नियंत्रित मॉडल के विपरीत, भारत का सरल सार्वजनिक-निजी दृष्टिकोण का आधार, यूपीआई और डिजीलॉकर जैसे प्लेटफ़ॉर्म बनाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करता है। निजी क्षेत्र के दिग्गज डीपीआई के शीर्ष पर उपयोगकर्ता के अनुकूल, एप्लिकेशन-विशिष्ट समाधान बनाते हैं और नवाचार प्रस्तुत करते हैं।

इस मॉडल को अब एआई के साथ सुपरचार्ज किया जा रहा है, क्योंकि यूपीआई और डिजीलॉकर जैसे वित्तीय और शासन प्लेटफॉर्म बुद्धिमान समाधानों को एकीकृत करते हैं। भारत की डीपीआई संरचना में वैश्विक रुचि जी20 शिखर सम्मेलन में स्पष्ट थी, जहां विभिन्न देशों ने मॉडल को दोहराने की इच्छा व्यक्त की थी। जापान ने भारत की यूपीआई भुगतान प्रणाली को पेटेंट प्रदान किया है, जो इसकी व्यापकता का प्रमाण है।

भारत ने महाकुंभ 2025 के निर्बाध संचालन के लिए अपने डीपीआई और एआई-संचालित प्रबंधन का लाभ उठाया, जो अब तक का सबसे बड़ा मानव समागम है। एआई -संचालित उपकरणों ने प्रयागराज में रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तत्क्षण रेलवे यात्रियों की आवाजाही की निगरानी की।

भाषिणी, कुंभ सहायक चैटबॉट में एकीकृत, सभी के लिए आवाज आधारित खोया और पाया सुविधा, तत्क्षण अनुवाद और बहुभाषी सहायता सक्षम करती है। भारतीय रेल और उत्तर प्रदेश पुलिस जैसे विभिन्न विभागों के साथ इसके सहयोग ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संचार प्रणाली को सुव्यवस्थित किया।

डीपीआई का लाभ उठाकर, महाकुंभ 2025 ने तकनीक-सक्षम प्रबंधन के लिए एक वैश्विक मानदंड स्थापित किया है, जो इसे अधिक समावेशी, कुशल और सुरक्षित बनाता है। भारत का कार्यबल इसकी डिजिटल क्रांति के केंद्र में है। देश हर हफ्ते एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) जोड़ रहा है, जो वैश्विक आरएंडआई और तकनीकी विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। हालांकि, इस वृद्धि को बनाए रखने के लिए शिक्षा और कौशल विकास में निरंतर निवेश की आवश्यकता होगी। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार, एआई, 5जी और सेमीकंडक्टर डिजाइन को शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में बदलाव करके इस चुनौती का समाधान कर रही है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि स्नातक रोजगार के लिए तैयार कौशल के साथ कार्यबल में प्रवेश करें, जिससे शिक्षा और रोजगार के बीच का फासला कम हो। भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण कर रहा है। इसकी एआई नियामक संरचना को उत्तरदायी तैनाती सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए। 'कठोर' नियामक संरचना के प्रतिकूल, जो नवाचार को दबाने का जोखिम उठाता है,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही समस्याओं का समाधान निकालने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी।

वृष राशि : आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। ऑफिस में काम बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे,

मिथुन राशि : आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी,

कर्क राशि : आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज अच्छी खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी, नई पोस्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। आज आज आप ऑनलाइन नया काम शुरू करेंगे,

कन्या राशि : आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आपके निजी प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

मकर राशि : आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

मीन राशि : आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज व्यापार में अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज शत्रु पक्ष आपको परेशान करने की नाकाम कोशिश कर सकता है। प्रशासनिक पद पर कार्यरत लोगों



शिवसेना ( यूबीटी ) नेता उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर समाज में विभाजन पैदा करने और जहर घोलने का आरोप लगाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपने समर्थकों से जय श्री राम के जवाब में %जय शिवाजी% और जय भवानी कहने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो कोई भी जय श्री राम कहता है, उसे जय शिवाजी और जय भवानी भी कहना चाहिए। उन्होंने भाजपा के कार्यों का कड़ा विरोध किया और कहा कि उनका इरादा उनके सामाजिक प्रभाव को चुनौती देना है।

# मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद मेरे साथ : पीएम मोदी

नवसारी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी में %लखपति दीदी% से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने एक रोड शो किया। उन्होंने जी-सफल और जी-मैत्री सहित विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए खुद को दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा, मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है। माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है, मेरी पूंजी है।

उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में सबसे गर्व की बात यह है कि एक सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाली हमारी राष्ट्रपति ने इस बिल पर मुहर लगाई। वह दिन दूर नहीं जब आप में से कोई सांसद या विधायक बनेगा। गांधी जी कहते थे कि देश की आत्मा ग्रामीण भारत में बसती है। आज मैं इसमें एक और पंक्ति जोड़ता हूं- ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है।

उन्होंने कहा, यहां नवसारी के इस कार्यक्रम में हम नारी शक्ति के सामर्थ्य को देख सकते हैं। इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं ने संभाली है। इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी और अधिकारी सभी महिलाएं हैं। कांस्टेबल, एसपी, डीएसपी से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक... यहां सुरक्षा-व्यवस्था महिलाओं द्वारा संभाली जा रही है। यह नारी शक्ति के सामर्थ्य का एक उदाहरण है। जब मैं आप सभी से मिलता हूं, तो मेरा विश्वास मजबूत होता है कि एक विकसित भारत का संकल्प पूरा होकर रहेगा और नारी शक्ति इसमें बड़ी भूमिका निभाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं। साल 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी हैं और संसद में भी महिलाओं की मौजूदगी में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने कहा, शास्त्रों में नारी को नारायणी कहा गया है। नारी का सम्मान समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी है, इसलिए भारत को विकसित देश बनाने के लिए भारत के तेज विकास के लिए आज भारत महिला-नेतृत्व वाले विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

उन्होंने कहा, आज हम सभी के लिए महिलाओं से प्रेरणा लेने, उनसे सीखने का दिन है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं और धन्यवाद करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा, महाकुंभ में मुझे माता गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में मुझे आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला। आज महिला दिवस पर मेरी मातृभूमि गुजरात में और इस विशेष दिन पर इतनी बड़ी संख्या में आप सभी माताओं, बहनों, बेटियों की उपस्थिति में, आपके प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं।

**नारी शक्ति का अनूठा प्रदर्शन : पीएम मोदी की सुरक्षा में सिर्फ महिला पुलिसकर्मी रहेंगी तैनात, पहली बार होगा ऐसा**

नवसारी (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर, भारत में एक ऐतिहासिक पहल देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात दौरे के दौरान, उनकी सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से महिला पुलिसकर्मियों के हाथों में होगी। यह अभूतपूर्व कदम न केवल नारी शक्ति का सम्मान है, बल्कि देश में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का भी प्रतीक है।

आज प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के नवसारी जिले में महिला दिवस के विशेष कार्यक्रम 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, सुरक्षा व्यवस्था में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती नारी शक्ति की एक अनूठी मिसाल पेश करेगी। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक, हर जगह महिला पुलिसकर्मी ही प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगी।



प्रधानमंत्री दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के सिलवासा में नमो अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर।





कोलकाता के जादवपुर इलाके में रा%य सरकार और छात्रों पर कथित हमले के खिलाफ रैली में छात्र और नागरिक भाग लेते हुए.

# अगर गुजरात में हमारा 5 प्रति.वोट और बढ़ जाए तो कांग्रेस की सरकार आ जाएगी- राहुल गांधी

गुजरात (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मैं गुजरात के युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और अपनी बहनों के लिए आया हूं। मैंने खुद से पूछा कि मेरी और कांग्रेस पार्टी की क्या जिम्मेदारी है? तकरीबन पिछले 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं... जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनाएगी... जिस दिन हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी, उसी दिन गुजरात के सभी लोग कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दे देंगे।

राहुल ने कहा गुजरात में विपक्ष के पास 40त्न वोट है।आप कहीं भी प्रदेश में दो लोगों को खड़ा कर देंगे तो उसमें एक क्ख्क्क और दूसरा कांग्रेस का निकलेगा।अगर गुजरात में हमारा 5त्न वोट और बढ़ जाए तो कांग्रेस की सरकार आ जाएगी।तेलंगाना में हमने 22त्न वोट बढ़ाया है, यहां तो सिर्फ 5त्न की जरूरत है।

जब कांग्रेस पार्टी को अंग्रेजों का सामना करना पड़ रहा था। तब हम देश में हर जगह नेतृत्व ढूंढ रहे थे।कांग्रेस पार्टी हिंदुस्तान की जनता का प्रतिनिधित्व कर रही थी, लेकिन हमें नेतृत्व गुजरात से मिला, जिनका नाम महात्मा गांधी था।महात्मा गांधी जी के नेतृत्व ने हमें सोचने, लड़ने और जीने का तरीका दिया। गांधी जी के बिना कांग्रेस पार्टी देश को आजादी न दिलवा पाती। गांधी जी के साथ गुजरात ने हमें सरदार पटेल जी भी दिए। यानी हिंदुस्तान को गुजरात ने रास्ता दिखाया। कांग्रेस पार्टी में हमारे सबसे बड़े नेताओं में से 2 नेता गुजरात के थे।आज एक बार फिर से गुजरात रास्ता देखना चाह रहा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा गुजरात की %बैकबोन% छोटे व्यापारी, स्माल-मीडियम साइज़ बिजनेस और हैं, लेकिन अब वह खत्म हो गए हैं।आज डायमंड इंडस्ट्री, टेक्सटाइल इंडस्ट्री, सिरेमिक इंडस्ट्री से जुड़े लोग और प्रदेश के किसान कह रहे हैं कि हमें %नया विजन% चाहिए।क्योंकि पिछले 25 साल से जो विजन चल रहा है, वह फेल हो गया है।कांग्रेस पार्टी बहुत आसानी से लोगों को %नया विजन% दे सकती है।

**गुजरात में कांग्रेस के आधे नेता भाजपा से मिले हुए-?राहुल गांधी**

अहमदाबाद - लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज एक ऐसा बयान दिया जिसने सनसनी मचा दी।?राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस नेतृत्व में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं। जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे हैं, जो जनता से कटा हुआ है दूर बैठता है और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं। राहुल ने आगे कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता है।

राहुल गांधी ने कहा कि 'कांग्रेस पार्टी में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं, लेकिन पीछे से चेन लगी है और बब्बर शेर बंधे हुए हैं।

## रूस से हथियार खरीदना बंद करे भारत, ट्रंप सरकार ने धमकी देने के बाद दिया ये आफर

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका भारत समेत कई देशों पर जमकर टैरिफ लगा रहा है। वहीं, अब अमेरिका ने भारत की रक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाने शुरू कर दिए है। ट्रंप सरकार के एक मंत्री ने भारत द्वारा रूस से हथियार खरीदने पर आपत्ति जताई है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से रूसी सैन्य हथियारों पर अपनी निर्भरता समाप्त करने को कहा है और तर्क दिया है कि ऐसा कदम भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए जरूरी है। लुटनिक ने कहा,भारत ने ऐतिहासिक रूप से रूस से अपने सैन्य उपकरणों की काफी अधिक मात्रा खरीदी है और हमें लगता है कि यह ऐसी चीज है जिसे खत्म करने की जरूरत है।

बता दें कि भारत और रूस की दोस्ती दशकों पुरानी है और भारत पेट्रोलियम के साथ-साथ हथियारों की भी खरीद करता रहता है। लुटनिक ने कहा कि अमेरिका विकल्प के तौर पर मॉर्डर हथियार भारत को देने के लिए तैयार है। इससे साफ है कि अमेरिका चाहता है कि भारत रूस के बजाए उससे हथियार खरीदे। इसके साथ ही ब्रिक्स में भारत की मौजूदगी पर भी अमेरिकी मंत्री ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स डॉलर के विकल्प के रूप में वैश्विक मुद्रा बनाने की कोशिश कर रहा है।



रा%य सिविल सेवा अधिकारियों ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.

## सरकार महिलाओं के खाते में डालने जा रही 2500 रुपए, ये डॉक्यूमेंट है जरूरी, शर्तें जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी में सत्ता पर काबिज होने के बाद बीजेपी अपने वादों को पूरा करने की तरफ कदम बढ़ा रही है। महिला दिवस के मौके पर बीजेपी ने महिला समृद्धि योजना को कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी है। इसके लिए सरकार ने शर्तें भी लागू की है। जिस को पूरा करने पर महिला को पैसे उसके अकाउंट में ट्रांसफर किए जाएंगे।

महिला समृद्धि योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। वादे के मुताबिक भाजपा ने इस योजना का लाभ सिर्फ गरीब महिलाओं को देने का फैसला किया है। महिला समृद्धि योजना का लाभ गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली महिलाओं को ही मिलेगा। महिला समृद्धि योजना का लाभ लेने के लिए बीपीएल कार्डधारी होना आवश्यक है। यह कार्ड बताता है कि आप गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। महिला समृद्धि योजना का लाभ 21 से 59 साल की महिलाओं को मिलेगा। 60 साल की आयु पूरी करते ही महिलाएं इस योजना से बाहर हो जाएंगी। 60 या इससे अधिक उम्र की महिलाओं को वृद्धि पेंशन मिलती है।

# देश छोड़कर भागे ललित मोदी को भारत लाना होगा मुश्किल, भारतीय पासपोर्ट छोड़ हासिल की इस देश की नागरिकता

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी ने भारतीय पासपोर्ट को सरेंडर करने के लिए आवेदन कर दिया है। उन्हें वनुआतु की नागरिकता मिल गई है। ललित मोदी मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन के आरोपी हैं। एजेंसियों से बचने के लिए वह 2010 में ही भारत छोड़कर भाग गए थे। अब किसी और देश की नागरिकता मिलने के बाद ललित मोदी का प्रत्यर्पण और भी मुश्किल हो गया है। जिस देश की नागरिकता मिलने का दावा किया गया है वह एक छोटा सा देश है जो कि प्रशांत महासागर के एक द्वीप में ही फैला हुआ है। प्रत्यर्पण संधि के मामलों में यह देश पहले से ही कुख्यात है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, 'उसने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है।' जानकारी के मुताबिक ललित मोदी को 30 दिसंबर 2024 को ही वनुआतु की नागरिकता मिल गई थी।

जयसवाल ने कहा, कानून के मुताबिक जिस तरह से भी संभव होगा हम उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ललित मोदी पर 2009 में आईपीएल के लिए 425 करोड़ की टीवी डील करने में नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। ढ्ढक्क 2010 के बाद ललित मोदी को बीसीसीआई से सस्पेंड कर दिया गया। पुणे और कोच्चि की फ्रेंचाइजी से डील मामले में गड़बड़ी करने के आरोप में उनपर यह कार्रवाई की गई थी।

## सीएम भगवंत मान ने ट्रेनिंग के लिए प्रिंसिपल्स को सिंगापुर किया रवाना, ज्यादातर महिलाएं

चंड़ीगढ़ (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंजाब सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों की प्रिंसिपल्स को सिंगापुर भेजने का निर्णय लिया है, ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को और बढ़ा सकें।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने इस खास मौके पर 36 सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल्स को ट्रेनिंग के लिए सिंगापुर रवाना किया। इस बैच में अधिकतर महिलाएं शामिल हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि इस पहल को महिलाओं के सशक्तिकरण के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के 36 प्रिंसिपल्स के 7वें बैच को सिंगापुर ट्रेनिंग के लिए रवाना होने पर शुभकामनाएं। अध्यापकों को समाज का निर्माता माना जाता है। हम आशा करते हैं कि आप ऐसे विद्यार्थी तैयार करेंगे, जो देश की तरक्की में अपना हिस्सा डालेंगे।



मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया.



केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के थक्कोलम में सीआईएसएफ के शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की.

# 18 साल बाद गिरफ्त में आया हिजबुल मुजाहिदीन का इनामी आतंकी, बड़े हमले की रच रहा था साजिश

मुरादाबाद (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के एक फरार और सक्रिय सदस्य उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ हुसैन मलिक को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह वर्ष 2002 से फरार चल रहा था।

एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के पुंछ जिले का रहने वाला उल्फत हुसैन हिजबुल मुजाहिदीन के पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) स्थित प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनिंग लेने के बाद मुरादाबाद में एक बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए आया था। उल्लेखनीय है कि उल्फत हुसैन को पूर्व में 9 जुलाई, 2001 को एके 47, एके 56 व दो पिस्टल, 12 हैंड ग्रेनेड, 50 डेटोनेटर, 29 किलो विस्फोटक और 500 से अधिक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, जमानत पर छूटने के बाद वह फरार हो गया था और लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। मुरादाबाद कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट भी जारी किया हुआ था। कटघर पुलिस ने वर्ष 2001 में आतंकी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे उल्फत हुसैन को पहली बार गिरफ्तार किया था। उस समय पुलिस ने उसके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की थी, जिसमें एक-47, एके 56, दो पिस्तौल, हैंड ग्रेनेड और 39 टाइमर विस्फोटक पदार्थ शामिल थे। जेल से रिहा होने के बाद आतंकी फरार हो गया और पिछले 18 वर्षों से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम 1999 में हिज्बुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन में शामिल हुआ था और पीओके में आतंकी ट्रेनिंग भी ले चुका है। ट्रेनिंग लेने के बाद वह मुरादाबाद पहुंचा और यहां किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था।

9 जुलाई, 2021 को पुलिस ने उसे दोबारा गिरफ्तार किया था, लेकिन 2007 में उसे जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद आतंकी मुरादाबाद से भाग निकला। वर्ष 2015 में कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बाहर रहा। इसके बाद, पांच मार्च को मुरादाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट 14 ने आतंकी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किए



बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का कहना है कि उनके लिए नृत्य किसी 'साधना' के समान है। माधुरी दीक्षित आईफा के मंच पर रविवार को नृत्य प्रस्तुति देने वाली हैं। जयपुर में शनिवार को आईफा अवॉर्ड्स 2025 की शुरुआत हुई और इसका समापन रविवार को होगा। मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित पारंगत कथक नृत्यांगना भी हैं उन्होंने एक दो तीन ( तेजाब ), टम्मा टम्मा ( थानेदार ) और काहे छेड़ ( देवदास ) जैसे लोकप्रिय गानों पर अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है।

# श्रुति हासन ने बताई अपनी जिंदगी की कहानी



अभिनेत्री श्रुति हासन ने अपनी जिंदगी की कहानी शेयर की है और बताया है कि वह सुबह जल्दी उठने वाली व्यक्ति नहीं हैं। सिने आइकन कमल हासन की बेटी श्रुति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर श्रुति की एक सेल्फी लग रही है जिसमें वह कार की पिछली सीट पर बैठी हैं। उनके बाल गीले हैं और बहुत कम मेकअप में उनका लुक नेचुरल लग रहा है। फोटो में वह थोड़ी गंभीर दिख रही हैं। तस्वीर के नीचे लिखा है, मैं सुबह जल्दी नहीं उठती। मेरी जिंदगी की कहानी।

श्रुति की ब्रिटिश मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म 'द आई' ने 5वें वेंच फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग फीचर के रूप में भारत में अपना प्रीमियर किया। ग्रीस के लुभावने परिदृश्यों पर आधारित, 'द आई' में श्रुति ने डायना का रोल निभाया है। कहानी में डायना की भावनात्मक यात्रा दिखाई गई है जिसमें उनके पति का देहांत हो चुका है। फिल्म का निर्देशन डेफ्ने श्मोन ने किया है और इसका निर्माण फिंगरप्रिंट कंटेंट ने किया है। यह श्रुति हासन की बहुप्रतीक्षित अंतर्राष्ट्रीय शुरुआत है। सपना भवनानी द्वारा स्थापित, वेंच फिल्म फेस्टिवल भारत का अग्रणी मंच है जो हॉरर, साइंस-फिक्शन और फंतासी सिनेमा को समर्पित है। मनोवैज्ञानिक थ्रिलर, द आई एक गहन सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है, जो दर्शकों को रोमांचित करता है। इसकी पटकथा अवार्ड विनिंग लेखका एमिली कार्लटन ने लिखी है और इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्टार मार्क रोली, ब्रिटिश अभिनेता अन्ना सव्वा और लिंडा मार्लो भी हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए, श्रुति ने पहले साझा किया था कि जिस क्षण उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़ी थी, उन्हें पता था कि यह फिल्म उसके लिए बनी है।

उन्होंने कहा, मैं हमेशा ऐसी कहानियों की ओर आकर्षित हुई हूं, जिसमें प्रेम, अंधकार और आत्म-खोज जैसे विषय होते हैं, ऐसी अवधारणाएं जो मेरे साथ गहराई से गूंजती हैं। द आई ने मुझे स्क्रीन पर उन भावनाओं को उतराने का मौका दिया, और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने से अनुभव और भी खास हो गया।

**बॉक्स ऑफिस पर छावा की कमाई की रफ्तार धीमी, कारोबार 500 करोड़ रुपये की ओर**

हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 19 दिन पूरे कर लिए हैं. छावा ने अपने तीसरे मंगलवार यानि 19वें दिन की कमाई से कलेक्शन में थोड़ी बढ़ोतरी की है. फिल्म छावा की कमाई में लगातार दूसरी

## जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला बड़ा तोहफा, आरसी16 से पहली झलक आई सामने

अभिनेत्री जान्हवी कपूर के 28वां जन्मदिन के खास दिन पर इनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरसी 16' के निर्माताओं ने एक्ट्रेस का एक लुक रिलीज करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।

साउथ इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता राम चरण और बॉलीवुड की अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'आरसी 16' का पहला लुक सामने आया है।

यह लुक एक्ट्रेस जान्हवी के जन्मदिन का खास तोहफा है, जो वृद्धि सिनेमा द्वारा शेयर किया गया है। इसमें एक्ट्रेस ट्रैक पैंट के साथ टीशर्ट पहने हुए दिख रही हैं और वह हाथ में एक बकरी लिए खुशी से झूम रही हैं। यह दृश्य गांव का है, जो फिल्म का एक बिहाइंड दी सीन है।

# रिवीलिंग साड़ी पहन सोफी चौधरी ने दिखाई दिलकश अदाएं, लेटेस्ट फोटोज ने सोशल मीडिया का बढ़ाया तापमान



बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपन ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने बलखाती हुई अदाओं में पोज देते हुए अपना हॉट फोटोशूट करवाया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा गई हैं।

एक्ट्रेस सोफी चौधरी हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन फोटोज में आप देख सकते है एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने रिवीलिंग लुक में सिल्वर कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

खुले बाल को स्टाइलिश लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये कातिल अवतार देखकर फैंस फिर से दीवाने हो गए हैं। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस सोफी चौधरी अपने हर एक अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

## वेब सीरीज़ अक्का से कीर्ति और राधिका का फर्स्ट लुक आउट

कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे अभिनीत अक्का का पहला लुक जारी कर दिया गया है, और यह इतना अच्छा है कि इसे मिस नहीं किया जा सकता। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित आगामी वेब सीरीज़ की घोषणा नेटफ्लिक्स द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में की गई। फ़र्स्ट लुक वीडियो में दमदार कीर्ति सुरेश को अपनी गर्ल गैंग के साथ लोगों से भरे कमरे में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है, जबकि राधिका आप्टे को उनके ऑफ़िस में एक बड़ी कुर्सी पर बैठे हुए दिखाया गया है। वीडियो में सोने की छड़ें, बंदूकें और गहन दृश्यों की झलक भी दिखाई गई है, जो एक रोमांचक सवारी के लिए माहौल तैयार करती है।

1980 के दशक में दक्षिण भारत के काल्पनिक शहर पर्नुरु में सेट की गई अक्का गैंगस्टर रानियों की कहानी है, जिनके मातृसत्तात्मक शासन को तब चुनौती मिलती है जब कोई बाहरी व्यक्ति एक अदृश्य खतरा लेकर आता है। यह सीरीज कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सत्ता के लिए संघर्ष करते हैं, और शक्तिशाली महिलाओं की एक दुनिया को एक साथ लाते हुए दिखाती है। यह शो गेम-चेंजर होने का वादा करता है, राधिका आप्टे ने इसे इसके केंद्र में उग्र और शक्तिशाली महिलाओं का शो कहा है।

बेबी जॉन के साथ हाल ही में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली कीर्ति सुरेश ने अक्का को सफल बनाने के लिए वाईआरएफ को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस सीरीज़ को एक पूरी तरह से अलग दुनिया बताया, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। राधिका आप्टे, जो हाल ही में माँ बनने के कारण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं, ने एक वीडियो संदेश भेजकर अक्का को गेम-चेंजर कहा। इस सीरीज़ का निर्देशन नवोदित धर्मराज शेट्टी कर रहे हैं और इसे इस साल के अंत में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ किया जाएगा।

# महारानी के चौथे सीजन का ऐलान, रानी भारती बन लौट रहीं हुमा कुरैशी; टीजर आया सामने

हाल ही में 'महारानी' सीरीज के चौथे सीजन का टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें हुमा कुरैशी सामाजिक और राजनीतिक उलझनों से लड़ती नजर आएंगी। महारानी के इस सीजन को दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था।

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव के यूट्यूब पर महारानी के चौथे सीजन का टीजर रिलीज किया गया है और हुमा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया है। 50 सेकेंड के इसके टीजर में हुमा कुरैशी रानी भारती के किरदार में दिखने वाली हैं, जो बिहार की प्रधानमंत्री हैं। इसके टीजर में हुमा बिहार को अपना परिवार बता रही हैं और कह रही हैं अगर किसी ने उनके परिवार को नुकसान पहुंचाया तो वह उसकी सत्ता हिलाकर रख देंगी। साथ ही इसमें हुमा को चुनौतियों से लड़ते हुए दिखाया गया है। महारानी सीरीज का चौथा सीजन सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों से भरा नजर आ रहा है।

महारानी वेब सीरीज के चौथे सीजन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इससे फैंस की बेसब्री सीरीज को लेकर और बढ़ चुकी है। हालांकि, अभी तक सीरीज के रिलीज डेट को लेकर कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है।

महारानी सीरीज 2021 में सोनी लिव पर शुरू हुई थी। इस शो में हुमा कुरैशी ने रानी भारती का किरदार निभाया था, जो एक साधारण और अनपढ़ गृहिणी थी। वह अचानक अपने पति भीमा (सोहम शाह) के चोटिल होने के बाद बिहार की मुख्यमंत्री बन जाती है। फिर इसी के आधार कहानी को आगे बढ़ाया जाता है। इस सीरीज का दूसरा सीजन जुलाई 2022 में आया, वहीं तीसरा सीजन पिछले साल मार्च में आया था। पुनीत प्रकाश के निर्देशन में बनी महारानी का चौथा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच में आने वाला है।

**अनुपम खेर की फिल्म तुमको मेरी कसम का ट्रेलर जारी, 21 मार्च को सिनेमाघरों होगी रिलीज**

पिछली बार अनुपम खेर फिल्म इमरजेंसी में नजर आए थे, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।

काफी समय से अनुपम अपनी आगामी फिल्म तुमको मेरी कसम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान विक्रम भट्ट ने संभाली है। इस फिल्म के निर्माता महेश भट्ट हैं।

अब निर्माताओं ने तुमको मेरी कसम का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी कोर्ट रूम ड्रामा पर आधारित है।

अनुपम के साथ तुमको मेरी कसम में अदा शर्मा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। ईशा देओल और इश्वाक सिंह जैसे कलाकार भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। ट्रेलर में तमाम सितारों की झलक दिख रही है।

## छावा की कमाई में आया उछाल, 20वें दिन बॉक्स ऑफिस पर हुआ कमाल, तीसरे वीकेंड 500 करोड़ पक्के?

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 20 दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म छावा का भौकाल अभी तक जारी है. छावा भारत में 500 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्मों की लिस्ट में शुमार होने जा रही है. वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर छावा पहले ही 600 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है. हालांकि दूसरे वीक के बाद से छावा की कमाई में गिरावट जरूर आई है, लेकिन थिएटर्स में दर्शक अभी भी जुट रहे हैं. छावा ने 20 वें दिन कितना कलेक्शन किया और भारत में कुल कितना पैसा कमा लिया आइए जानते हैं.

सैकनिल्क के अनुसार, छावा की कमाई में तीसरे सोमवार के बाद से गिरावट देखी जा रही है. छावा ने तीसरे रविवार 24.25 करोड़ रुपये थे और फिर सोमवार को 7.75 करोड़ और मंगलवार को 5.4 करोड़ रुपये की कमाई की थी.

# रोजाना खाएं एक कटोरी फल, मिल सकते हैं कई फायदे



फल हमारे आहार का अहम हिस्सा होते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। रोजाना एक कटोरी फल खाने से शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं और कई बीमारियों से बचाव होता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे फल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और हमें स्वस्थ जीवन जीने में मदद करते हैं।

ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत

फल प्राकृतिक शक्कर का अच्छा स्रोत होते हैं, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है।

जब आप थकान महसूस करते हैं या दिनभर की भागदौड़ में ऊर्जा की कमी होती है तो एक कटोरी फल खाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

यह न केवल आपकी थकान दूर करेगा बल्कि आपको ताजगी भी महसूस कराएगा, खासकर केला और अंगूर जैसे फल तुरंत ऊर्जा देने के लिए जाने जाते हैं।

पाचन तंत्र को सुधारें

फलों में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को सही रखने में मदद करता है।

अगर आपका पाचन सही नहीं रहता है तो कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में रोजाना एक कटोरी फल खाने से आपका पाचन तंत्र मजबूत होता है और पेट साफ रहता है।संतरा, पपीता और अमरूद जैसे फलों का सेवन आपके पेट के लिए बहुत लाभकारी होता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

फलों में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इससे आप सर्दी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों से बच सकते हैं और आपकी त्वचा भी निखरी रहती है।

नींबू, संतरा और आंवला जैसे फलों का सेवन आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती दे सकता है। ये फल न केवल आपकी सेहत को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको ऊर्जावान भी रखते हैं।

वजन घटाने में है सहायक

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो फल आपके सबसे अच्छे साथी साबित हो सकते हैं। इनमें कैलोरी कम होती है, लेकिन पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जिससे आपका पेट भरा रहता है और भूख कम लगती है। फल खाने से आप अनावश्यक चर्बी से बच सकते हैं।

तरबूज, खीरा और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों का सेवन वजन घटाने के लिए बहुत प्रभावी होता है।

दिल की सेहत बनाए रखें

फलों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल की धमनियों को साफ रखते हैं और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।अनार, सेब और अंगूर जैसे फलों का सेवन करने से आपके दिल की सेहत अच्छी रहती है। ये फल न केवल आपके दिल को स्वस्थ रखते हैं बल्कि आपके शरीर को भी जरूरी पोषण देते हैं।

# क्या रोजाना आलू खाना सेहत के लिए सही है? जानें संभावित स्वास्थ्य समस्याएं



आलू एक ऐसा खाद्य पदार्थ है, जो लगभग हर घर में पाया जाता है। यह सस्ता और आसानी से उपलब्ध होता है इसलिए लोग इसे अपने रोजमर्रा के खाने में शामिल करते हैं।

हालांकि, क्या रोजाना आलू खाना सेहत के लिए सही है? इस सवाल का जवाब जानने के लिए हमें इसके पोषण तत्वों और इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान देना होगा।

आइए जानते हैं।

वजन बढ़ने का खतरा

आलू में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर में चर्बी के रूप में जमा हो सकती है।

अगर आप रोजाना आलू खाते हैं तो यह आपके वजन को बढ़ा सकता है, खासकर जब इसे तला हुआ या घी-तेल में पकाया जाता है तो इसका कैलोरी स्तर और भी बढ़ जाता है।

इसलिए अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो आलू का सेवन सीमित मात्रा में करें।

ब्लड शुगर के स्तर पर असर

आलू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स उच्च होता है, जिसका मतलब यह जल्दी पचता और ब्लड शुगर के स्तर को तेजी से बढ़ाता है।

मधुमेह के मरीजों को खासतौर पर इसका ध्यान रखना चाहिए क्योंकि इससे उनका ब्लड शुगर लेवल असंतुलित हो सकता है।

अगर आपको मधुमेह नहीं भी हो तब भी नियमित रूप से ज्यादा मात्रा में आलू खाने से भविष्य में समस्या हो सकती है।

हृदय रोग का खतरा तले हुए या अत्यधिक मसालेदार आलू खाने से हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। इनमें ट्रांस फैट्स होते हैं, जो दिल की धमनियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। नमक की अधिकता भी रक्तचाप को प्रभावित कर सकती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए अगर आप अपने दिल की सेहत को बनाए रखना चाहते हैं तो तले हुए आलुओं का सेवन कम करें।

पाचन तंत्र पर प्रभाव

आलुओं में फाइबर कम होने के कारण ये पाचन तंत्र को सुचारु रखने में मदद नहीं करते हैं।

इसके विपरीत ज्यादा मात्रा में इनका सेवन करने से कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

इसलिए, बेहतर होगा कि आप अपने आहार में फाइबर युक्त सब्जियों जैसे पालक या ब्रोकली को शामिल करें ताकि आपका पाचन तंत्र स्वस्थ रहे।

पोषक तत्वों की कमी

आलू में विटामिन-सी और पोटैशियम जैसे कुछ जरूरी पोषक तत्व होते हैं, लेकिन इसमें प्रोटीन और फाइबर की कमी होती है।

अगर आपका आहार मुख्य रूप से आलू पर आधारित होता जा रहा है तो आपको अन्य जरूरी पोषक तत्वों की कमी हो सकती है, जो आपकी समग्र सेहत को प्रभावित कर सकती है।

इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने खाने में अन्य सब्जियों और खाद्य पदार्थों को भी शामिल करें।

## शब्द सामर्थ्य -348

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 347 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |




**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना रांझी में सुमेर चंद्र चक्रवर्ती उम्र 53 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला रिछाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 5-30 बजे वह दौलत किराना दुकान से पैदल पैदल अपने घर जा रहा था मढ़ई सरस्वती स्कूल के पास पहुँचा तभी इंडियन गैस वितरण करने वाली पिकअप क्रमांक एमपी 20 एल बी 0460 का चालक शंकर कुशवाहा पिकअप को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये रिवर्स किया जिससे उसे पिकअप का धक्का लग गया जिससे वह गिर गया उसको दाहिने पैर में चोट आयी।

**आज संभाग क्रमांक 2 के स्वामी विवेकानंद वार्ड में रोजमेरी विनिमय प्रा.लिमिटेड के डायरेक्ट ओमप्रकाश अग्रवाल और राजेश मच्छानी की सम्पत्ति की गई अधिग्रहित**

## बकायादार करदाताओं की भवन कुर्क करने के साथ-साथ भूमि भी अधिग्रहित करने की भी नगर निगम द्वारा की जा रही है कार्रवाई

**संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए की सम्पत्ति अधिग्रहण**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सभी संभागों में बकाया राजस्व वसूली का कार्य किया जा रहा है। राजस्व अभियान को गति प्रदान करने अब भवन कुर्क करने के साथ-साथ बकायदार करदाताओं की भूमि भी अधिग्रहित करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज संभाग क्रमांक 2 कछपुरा के अंतर्गत संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्वामी विवेकानंद वार्ड अंतर्गत रोजमेरी विनिमय प्रा.लिमिटेड डायरेक्ट ओमप्रकाश अग्रवाल एवं राजेश मच्छानी पर बकाया एवं सनहाल राशि रूपये 4 लाख 1 हजार 7 सौ 73 रूपये होने पर सम्पत्ति अधिग्रहण की कार्रवाई की। संभागीय अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि सम्पत्ति स्वामी को अनेकों बार सम्पर्क एवं दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर नोटिस दिये गए, परन्तु सम्पत्ति स्वामी के द्वारा किसी भी प्रकार की रूचि नहीं दिखाई गई। बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में भूमि को अधिग्रहण करने की कार्यवाही की गयी। कार्रवाई के समय राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बकाया करों की राशि जमा नहीं करने पर करदाता के घर के ऊपरी हिस्से को किया गया कुर्क



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज संभाग क्रमांक 12 के लोकमान्य तिलक वार्ड में कुर्की की कार्रवाई की गयी। कुर्की की कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकमान्य तिलक वार्ड के भवन स्वामी मुतवल्ली खुर्शीद अहमद के मकान में दो किरायेदार हैं, जिनके ऊपर 48 हजार रूपये करों की राशि के रूप में बकाया था जिसकी वसूली के लिए आज टीम पहुँची, टीम के पहुँचने पर किरायेदार चंदर लाल बलेचा द्वारा मौके पर 24 हजार रूपये की राशि जमा की गयी, वहीं अन्य किरायेदारों द्वारा भुगतान न करने पर कुर्की की कार्रवाई करते हुए पोस्टर चस्पा कर तीन दिवस के अंदर राशि जमा करने के निर्देश दिये गए। कार्यवाही के दौरान प्रभारी राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी, राजस्व निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, कर संग्रहिता जगदीश ठाकुर, गणेश पटैल, राजकुमार चौधरी, नोटिस सर्वर, देव कुमार, केशव चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## मुस्लिम विकास परिषद ने कराया दूसरा रोज़ा अफ्तार, तीसरा अफ्तार शीध्र



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते मप्र मुस्लिम विकास परिषद द्वारा चार खम्बा स्थित बारात घर में द्वितीय रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया। तीसरा रोजा अफ्तार श्रीध ही आयोजित किया जायेगा। परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष शायर शेख निजामी के संयोजन में तथा जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, मतीन अंसारी, एसके? मुददीन, प्यारे साहब, डॉ. मुस्तकीम रजा की अतिथि में आयोजित द्वितीय अफ्तार में सैकड़ों रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा कर देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की। रोज़ा अफ्तार में मुस्लिम विकास परिषद के मामूर गुड्डू, एड. अकबर उस्मानी, अशफाक आरिफ, गुलाम साबरी, इरफान कुरैशी, फैजान कुरैशी, मिर्जा जावेद, जावेद राइन, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, जिया उल हक अंसारी, इकबाल चांद खां, अशरफ कुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद कुरैशी, डॉ. निसार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, साजिद काजी, गुलाम किबरिया, अलीम मंसूरी, एड. निसार अंसारी, अहमद रज़ा, इस्लाम अली, नोशाद खलीफा, बब्लू कुरैशी, शेख निजामी, ताहिर खोकर, हाशिम राजा, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, मुख्तार अंसारी, मुजीब अंसारी, मुनीर अंसारी, निसार मंसूरी, सोहेल खान, असीम राजा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में एमपी पावर ने जीते सात पदक




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल पावर लिफ्टिंग व शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में एमपी पावर की टीम ने पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में दो स्वर्ण, 1 रजत व 4 कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की है। पिछले दिनों कोटा में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में एमपी पावर की पावर लिफ्टिंग की टीम सात पदक जीतकर तृतीय स्थान पर रही। एमपी पावर के शैलेन्द्र श्रीवास ने 83 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 615 किलोग्राम भार उठाया और उन्हें प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ पावर लिफ्टर घोषति किया गया। पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन की टीम विजेता व राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में एमपी पावर के शैलेन्द्र श्रीवास ने 83 किलोग्राम भार वर्ग व पृथ्वीराज चौधरी ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। विशाल वर्मा 93 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतने में सफल रहे। एमपी पावर टीम की ओर से योगेश साहू ने 59 किलोग्राम भार वर्ग, नीरज चौहान 74 किलोग्राम भार वर्ग, अतुल समाधिया 105 किलोग्राम भार वर्ग व अफ़ज़ल खान 120 किलोग्राम भार वर्ग से अधिक की स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने में सफल हुए। टीम के मैनेजर प्रवीन कपूर व कोच राकेश स्वामी थे। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने एमपी पावर की पावर ल?फ्टि?ग टीम की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## युग निर्माण योजना की आधार है नारी शक्ति - श्रीमती गीता डोंगरे





**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश की आधे से ज्यादा आबादी महिलाओं की है किंतु यह दुखद है कि आज सबसे ज्यादा पीड़ित ,शोषित कोई है तो वह महिला है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने 21वीं सदी का नारी सदी का उद्घोष किया और नारी का सम्मान जहां संस्कृति का उत्थान वहां बताकर सबसे अधिक महिलाओं की भागीदारी गायत्री परिवार में सुनिश्चित कराई और महिलाओं को गायत्री मंत्र के लाभों से परिचित कराकर उसका अनुष्ठान करना, गायत्री महायज्ञ करना जैसे महत्वपूर्ण क्रम से जोड़ा , जिसका समाज में विरोध भी किया गया परंतु आचार्य श्री ने उनके विरोध की परवाह न करते हुए महिलाओं के उत्थान के लिए हमेशा कार्य किया ! उनके लिए अलग से महिला जागृति हेतु साहित्य की रचना की क्योंकि महिला यदि पढ़ी-लिखी होगी समझदार होगी तो घर भी संस्कारवान होगा ज्ञानवान और धनवान होगा, उत्काशय के विचार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से पधारी महिलाओं के समक्ष व्यक्त किए गए ! गायत्री परिवार ट्रस्ट, महिला प्रकोष्ठ द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ! मुख्य ट्रस्टी श्री बी.बी. शर्मा जी एवं उपजोन प्रभारी श्री नरेश तिवारी जी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ! महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती गीता डोंगरे दीदी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युग निर्माण योजना का जबसे सूत्रपात हुआ है तभी से तभी से नारी शक्ति ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया है , आगे भी मिशन के वृहद अभियानों में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन करना है ! नारी जागरण आंदोलन भी गुरुदेव द्वारा सप्त आंदोलन में रखा गया है, अत: अपने संपर्क में आने वाली सभी महिलाओं को व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के क्रम में जोड़ने निरंतर प्रयासरत रहें ! ट्रस्ट मंडल की ओर से श्रीमती कविता तिवारी दीदी ने भौतिक जगत में महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए, सभी को अपनी गरिमा का बोध कराया ! संस्कारधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला प्रतिनिधियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए गीत-गायन, काव्य-पाठ किया ! श्रीमती दीप्ति मिश्रा, श्रीमती ममता चौरे द्वारा मातृ वंदना-प्रेरणाप्रद गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई ! कार्यक्रम संचालन श्रीमती स्नेहलता सांवरे ने किया ! व्यवस्था मंडल की ओर से सभी को क्रांतिधर्मी साहित्य उपहार स्वरूप दिया गया ।

## चर्लपल्ली-गोरखपुर-चर्लपल्ली के मध्य होली स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी

जबलपुर- रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होली स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 07715/07716 चर्लपल्ली-गोरखपुर-चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन एक-एक ट्रिप चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

चर्लपल्ली-गोरखपुर-चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 07715 चर्लपल्ली-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 मार्च 2025 को चर्लपल्ली स्टेशन से दोपहर 14:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रानी कमलापति 09:00 बजे, बीना 11:25 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन प्रात: 05:00 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। (01 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 07716 गोरखपुर-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 मार्च 2025 को गोरखपुर स्टेशन से सुबह 08:00 बजे प्रस्थान कर, बीना रात्रि 23:35 बजे पहुँचकर, अगले दिन रानी कमलापति मध्य रात्रि 01:50 बजे पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए रात्रि 23:30 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी। (01 ट्रिप) ठहराव:- काज़ीपेट जंक्शन, मंचेरियल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जंक्शन, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ओरई, पुखरायाँ, कानपूर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती। कोच संरचना:- 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 8 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 7 शयनयान श्रेणी, 3 सामान्य श्रेणी एवं 1 एसएलआरडी, 1 जनरेटर कर । रेल यात्रियों से अनुरोध है कि होली स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

## महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में ओशो अनुज स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती जी का व्याख्यान आयोजित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में आज ओशा अनुज स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती जी का एक प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित किया गया, इसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों द्वारा सद्गुरू स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती जी का आत्मिय स्वागत किया इस अवसर पर महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर के एन.सी.सी. कैडेट कोर ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका सम्मान किया सद्गुरू देव ने ओशो के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की कॉलेज के प्राचार्य द्वारा उनका पुष्पहारों एवं शॉल से स्वागत किया स्वागत के पश्चात् सद्गुरू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं वह स्वर्णिम भविष्य देख रहा हूँ जब शांति और आनंद की खोज को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा, इसमें ध्यान आनंदित जीवन की कला ओंकार और मृत्यु की कला जैसी महात्वपूर्ण चीजें होंगी, उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे स्कूल और कॉलेजों में जो शिक्षा दी जाती है वह केवल जीवकोपार्जन के लिए होती है, जो सिर्फ हमारे उदर की पूर्ति करता है, हम भूल जाते हैं कि हमारे पास एक मन भी है जो हमेंशा नए-नए अनुभव चाहता है, इसके बाद हमें रिश्तों की आवश्यकता है, हमें प्रेम चाहिए, हमें किसी को प्रेम करना और हमें भी प्रेम प्राप्त करना चाहिए। इन सभी की पूर्ति के बावजूद हमारी चेतना में एक गहरी बैचैनी रहती है, यह तभी पूरी हो सकती है जब हम परमआनंद, परमचैतन्म, और आत्मिक शांति की खोज करें। ताकि जीवन के अंत में हम शांति से विदा ले सकें। सद्गुरू ने अपने छात्र जीवन का उल्लेख करते हुए बताया की, कैसे उन्होंने कम समय में अध्ययन करके मैरिट में स्थान प्राप्त किया और यह सब ध्यान के माध्यम से सम्भव हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे पाठ्यक्रमों को शिक्षा में सम्मलित किया जाना चाहिए, ताकि हमें जीवन में किसी धर्मगुरू की आवश्यकता न पड़े। इस कार्यक्रम में लगभग चार सौ मित्रों छात्रों, अभिभावकों एवं कॉलेज के अध्यापकों शिक्षकों ने अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर के प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया और मुख्य वक्ता सद्गुरूदेव स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हुबली-मुजफ्फरपुर-हुबली के मध्य एक-एक ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना से गुजरेगी

जबलपुर - रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के लिये हुबली-मुजफ्फरपुर-हुबली के मध्य एक-एक ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जो पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 07315 हुबली-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 10.03.2025 (सोमवार) को हुबली जंक्शन स्टेशन से 17:20 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन (मंगलवार) इटारसी 18:25 बजे, जबलपुर रात 21:40 बजे, कटनी 23:05 बजे पहुंचकर, तीसरे दिन (बुधवार) सतना मध्य रात्रि 00:25 बजे और दोपहर 12:30 बजे मुजफ्फरपुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07316 मुजफ्फरपुर-हुबली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 15.03.2025 (शनिवार) को मुजफ्फरपुर स्टेशन से दोपहर 14:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन (रविवार) सतना मध्य रात्रि 01:45 बजे, कटनी 03:25 बजे, जबलपुर 05:05 बजे, इटारसी 09:10 बजे ओर तीसरे दिन (सोमवार)10:30 बजे हुबली स्टेशन पहुँचेगी। कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 06 सामान्य श्रेणी, 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में धारवाड, बेलगावि, घटप्रभा, मिरज जंक्शन, सांगली, कराड़, सातारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड़, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सप्तऋषि अस्पताल एवं कैंसर सेंटर में कैंसर वीरांगनाओं का सम्मान समारोह



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सप्तऋषि अस्पताल एंड कैंसर सेंटर एवं इनर व्हील क्लब ऑफ़ जबलपुर साउथ के तत्वाधान में 9 मार्च 2025 को कैंसर पर विजय प्राप्त करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कर्नल अंजलि बिष्ट, कमांडिंग ऑफिसर टेक्निकल ट्रेनिंग बटालियन जबलपुर रही। कार्यक्रम में डॉ. प्रज्ञा धीरावानी, डॉ. संगीता श्रीवास्तव एवं डॉ. नीता भाटिया विशिष्ट अतिथि रही। कैंसर विजेताओं का सम्मान इनर व्हील क्लब ऑफ़ जबलपुर साउथ की अध्यक्ष श्रीमती बंटी अग्रवाल एवं सचिव श्रीमती नीति अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी अग्रवाल एवं श्रीमती शशि अग्रवाल द्वारा किया गया। सप्तऋषि अस्पताल के निदेशक एवं राय साहब भैयालाल दुबे मेडिकल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. शशांक दुबे ने सभी वीरांगनाओं को बधाई दी एवं बताया कि सप्तऋषि अस्पताल में कैंसर का विश्वस्तरीय इलाज अत्यंत कम खर्च में हो रहा है द्य अब कैंसर मरीजों को जबलपुर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. प्रीति जैन ने स्वागत भाषण में बताया कि कैसे इन कैंसर विजेताओं ने अपने साहस एवं जीवटता से समय पर कैंसर का निदान व उपचार करा कर कैंसर को मात दी। हेड एंड नेक कैंसर सर्जन डॉ. आंजनेय दुबे ने बताया कि शीघ्र निदान एवं उपचार द्वारा ही कैंसर पर जीत पाई जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. कविता दुबे एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. भक्ति दुबे ने किया। इस उपलक्ष्य पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीरा सांघी एवं नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. साबिया खान भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में कैंसर विजेताओं ने भी अपनी अपनी जीवन यात्रा सभीं से साझा की। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. प्रीति जैन द्वारा किया गया।



## रोहित आर्य के जबलपुर आगमन में शरद अग्रवाल ने भेंट की गोंडी चित्रकला पुस्तक

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश की वन नेशन वन इलेक्शन समिति के संयोजक सेवानिवृत हाईकोर्ट न्यायाधीश सम्मानीय श्री रोहित आर्या के आगमन पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक एवं वन नेशन वन इलेक्शन के प्रदेश स्तरीय टीम के सदस्य श्री शरद अग्रवाल ने आत्मीय स्वागत कर गोंडी चित्रकला की पुस्तक भेंट की । श्री अग्रवाल ने बताया कि महाकौशल के सभी जिलों में % एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में जनमत तैयार करने हेतु आगामी कार्ययोजना की विस्तृत चर्चा हुई। प्रबुद्ध जन , विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और सभी वर्गों से व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया

**निर्भीकता,शक्ति और परिष्कृतता का सर्वोत्तम मेल**

बेंगलुरु- टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफस्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफरोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोज़ाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गयाए नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूतीए शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल.ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2ण्8 लीटर फोर.सिलेंडर टर्बो.डीज़ल इंजन हैए जो 6.स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन ;500 एनएम टॉर्कद्ध के साथ उपलब्ध है। इसका 4ग्4 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफरोड अनुभव सुनिश्चित करता हैए जो इसे प्रदर्शनए शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है।

## हार्ट के दोनों वॉल्व हुए खराब, डीवीआर सर्जरी ने मरीज को दिया नया जीवन

**गैलेक्सी सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक से निकाला जटिल हृदय समस्या का हल**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उखरी रोड स्थित गैलेक्सी सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक से सर्जरी करते हुए 46 वर्षीय महिला की जान बचाई। चिकित्सकों ने बताया कि कटनी निवासी महिला को विगत एक महीने से चलने में सांस फूलना, सांस लेने में तकलीफ, घबराहट, बेचैनी जैसी समस्याएं हो रही थीं। इन लक्षणों के आधार चिकित्सकों ने महिला पेशेंट की जांच की। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि पेशेन्ट का 2 डी ईको-कार्डियोलॉजी टेस्ट करने पर पता चला कि इनके हार्ट के दोनों वॉल्व खराब हो चुके हैं। ऐसे में परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट, डीवीआर सर्जरी की गई। यह एक विशेष प्रकार की ओपन हार्ट सर्जरी है, इसके लिए पूरी टीम ने अपने अनुभव व तकनीकी सुविधाओं के साथ ट्रीटमेंट किया। आज पेशेन्ट पूरी तरह स्वस्थ हैं। वहीं पेशेन्ट का कहना है कि वे अब काफी अच्छा महसूस कर रही हैं। विशेषज्ञ डॉ. हरिशंकर सिंह चंदेल बताते हैं कि आमतौर पर लोग सांस फूलना, घबराहट या बेचैनी जैसी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते। यदि लगातार इस तरह की समस्याएं बनी रहें तो निश्चित तौर पर लोगों को चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। साथ ही लोग ओपन हार्ट सर्जरी के नाम से घबरा जाते हैं, आजकल तकनीकें इतनी एडवांस हो गई हैं कि इस तरह की सर्जरी में मरीज को किसी भी तरह की कोई तकलीफ नहीं होती।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में सतेन्द्र बाल्मीक उम्र 20 वर्ष निवासी अभिमन्यू चौक पनागर ने सूचना दी कि उसके बड़े पापा का बेटा संजय बाल्मी उम्र 42 वर्ष निवासी अभिमन्यू चौक पनागर के देवरी रेल्वे स्टेशन में नौकरी करते थे आज सुबह लगभग 10 बजे रेल्वे ट्रेक पर काम करते समय ट्रेन से टकराने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी हैं शव मेडिकल कॉलेज मर्चुरी में रखा है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



## थाना सिहोरा अन्तर्गत अंधी हत्या का खुलासा

# वृद्धा का रिश्ते का नाती निकला हत्यारा

### शराब के नशे मे रूपयों के लालच मे गला दबाकर एवं गले मे हसिया से हमला कर की थी हत्या

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना सिहोरा में दिनांक 1-3-25 को ग्राम पौड़ा में एक महिला के घर में मृत मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी सिहोरा श्री विपिन बिहारी सिह हमराह स्टाफ के पहुंचे जहॉ महेन्द्र कोल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ा थाना सिहोरा ने बताया कि वह ईंट भट्टा में मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 9 बजे मोहल्ले का राज कोल आकर बताया कि मुझे शीला बाई ने भेजकर बताने को कहा है कि बुट्टन बाई घर के कमरे के अंदर लेटी है हिल नहीं रही है शायद बीमार हो तो वह अपने घर आकर देखा घर का दरवाजा अंदर से नहीं लगा था उसने दरवाजा खोलकर अंदर जाकर देखा उसकी मां कमरे के अंदर जमीन पर कम्बल के ऊपर पड़ी थी जिनके गले में धारदार हथियार की चोट थी मां बुट्टन बाई उम्र 49 वर्ष की मृत्यु हो गयी थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मां के घर के कमरे के अंदर घुसकर किसी धारदार हथियार से मां के गले मे मारा है जिससे मां की मृत्यु हो गयी है रिपोर्ट पर धारा 103(1), 332(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये पतासाजी कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी सिहोरा सुश्री पारूल शर्मा के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी सिहोरा श्री विपिन बिहारी सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी।

टीम द्वारा पतासाजी करते हुये संदेही संतोष कोल निवासी ग्राम दोहतरा थाना मझौली की लगातार तलाश की गई, जो घर से फरार था। थाना मझौली एवं थाना सिहोरा की संयुक्त टीम द्वारा संदेही संतोष कोल को पकड़ा गया। जिसने सघन पूछताछ पर घटना घटित करना स्वीकार करते हुए बताया कि वह दिनांक 28/02/2025 को रात्रि लगभग 08 बजे शराब पीकर अपनी बुआ दादी के घर ग्राम पौडा गया था, दादी से पैसों की मांग करने पर दादी 200 रूपये दे रही थी किन्तु वह 500 रूपये के लिये अड़ा हुआ था उसी दौरान बातचीत करते हुए बुट्टन कोल का तेजी से गला दबा दिया जो बिस्तर पर लुढ़क गयी फस जाने के डर से कमरे में रखे लोहे के हसिया से बुआ दादी की गर्दन पर वार कर गम्भीर चोट पहुंचा दिया जिससे बुआ दादी बुट्टन कोल की मृत्यु हो गयी तब उनके ब्लाऊज मे रखे 1200 रूपये निकालकर अपनी मोटर साईकिल से अपने गांव दोहतरा दोहतरी चला गया। निकाले गये रूपयों मे से मोटर साईकिल में पेट्रोल डलवाया तथा चार पांच दिनो मे शराब पी गया था।

आरोपी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त हसिया, घटना के समय पहने कपड़े, शेष बचे 120 रूपये, एवं मोटर साईकिल विधिवत जप्त कर प्रकरण में धारा 315 बीएनएस बढाई जाकर आरोपी को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया गया है ।

उल्लेखनीय भूमिका:- अंधी हत्या का खुलासा करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी सिहोरा श्री विपिन बिहारी सिंह, थाना प्रभारी मझौली श्री जे.पी.द्विवेदी, थाना सिहोरा के उप निरीक्षक पुष्कर मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रामा सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश, गणेश्वर, आरक्षक राजेश पटेल, संतकुमार, संजीत, परमजीत यादव, सुनील कौशल एवं थाना मझोली के सहायक उप निरीक्षक रामसनेही पटेल, प्रधान आरक्षक नीलकंठ पटेल, अमित शुक्ला, नेमचन्द मार्को, आरक्षक अनुज कंसाना की सराहनीय भूमिका रही ।

## रांझी क्षेत्र में बदमाशों ने मचाया कोहराम, घरों के सामने खड़ी मोटर साइकलों में लगाई आग

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** एमपी के जबलपुर स्थित व्हीकल मोड़ मड़ई रांझी में देर रात बदमाशों ने जमकर कोहराम मचाया। बदमाशों ने घर के सामने खड़ी मोटर साइकलों में तोडफ़ोड़कर आग लगा दी। वाहनों में लगी आग देखकर लोग अपने घरों से बाहर आ गए, जिन्होने किसी तरह आग बुझाकर पुलिस को खबर दी। घटना के बाद से मड़ई क्षेत्र में दहशत व्याप्त रही। पुलिस के अनुसार व्हीकल मोड़ मड़ई निवासी जीतू पटेल टेंट का काम करता है। बीती रात 11.30 बजे काम से लौटकर घर आया, इस दौरान शोर सुनकर बाहर आया तो देखा कि टेंट दुकान के सामने खड़ी तीन मोटर साइकल क्रमांक एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एम एक्स 6138, एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस ई 1437 , होण्डा साईन क्रमांक एमपी 20 एनपी 5056 में आग लगी। वहीं



तीन बदमाश शुभम झारिया, सुमित झारिया, मोंटी पटैल उसे देखकर भाग गये इन्हीं तीनों ने मोटर सायकलों में आग लगाई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग भी घरों से बाहर आ गए, सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया और पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 326(एफ), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## नागरिकों के लिए होली पर्व पर रहेगी अतिरिक्त जलापूर्ति की व्यवस्था - निगमायुक्त प्रीति यादव

**शहर में होलिका दहन और धुरेड़ी के त्यौहार को देखते हुए पेयजल, साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत, अतिक्रमण हटाने एवं प्रकाश व्यवस्था को भी दुरूस्त रखने निगमायुक्त ने अधिकारियों को जारी किये आदेश**

जबलपुर। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने होलिका दहन और होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ दुरूस्त रखने के संबंध में संबंधित सभी अधिकारियों को आदेश जारी कर कहा है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली पर्व के अवसर पर अतिरिक्त जलापूर्ति करने की व्यवस्था नागरिकों के लिए सुनिश्चित की जाये। उन्होंने बताया कि होलिका दहन 13 मार्च को एवं धुरेड़ी का पर्व दिनांक 14 मार्च को मनाया जायेगा। इस दिन नागरिकों के लिए अतिरिक्त जलापूर्ति करने की व्यवस्था की गयी है। इसके लिए उन्होंने जलविभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, के साथ-साथ सभी संबंधितों को व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने तथा उस पर निगरानी रखने के निर्देश दिये गए हैं।

इसी प्रकार निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने कार्यपालन यंत्री लोककर्म, प्रकाश, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी एवं समस्त संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 1 से 16 तक साफ-सफाई व्यवस्था, रोड़ों के गड्ढों की मरम्मत, स्ट्रीट लाईट रखरखाव एवं अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने निर्देश प्रदान किये हैं, उन्होंने सभी संभागीय अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत शांति समिति की बैठक में शामिल होकर उनके द्वारा लिये गए निर्णय अनुरूप कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये हैं।

### एमपी में अफसरों पर बड़ी कार्रवाई

## 2 सस्पेंड, 25 तहसीलदारों - नायब तहसीलदारों को नोटिस, मचा हड़कंप

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** एमपी में अफसरों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां 2 अधिकारियों को सस्पेंड कर? दिया गया है जबकि 25 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को नोटिस देकर जवाब तलब किया गया है। गबन और सरकारी काम में लापरवाही पर प्रदेश के जबलपुर में ये सख्ती की गई है। संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना की इस कार्रवाई के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया है। जबलपुर में गबन के मामले में क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा कार्यालय में पदस्थ दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। संभागायुक्त अभय वर्मा ने इस मामले में सहायक संचालक प्रिया विश्नोई को तथा कलेक्टर दीपक सक्सेना ने ज्येष्ठ संपरीक्षक सीमा तिवारी को सस्पेंड किया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने विभागीय कार्यों में लापरवाही पर भी बेहद सख्ती दिखाई है। उन्होंने 25 तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को नोटिस जारी कर राजस्व वसूली, फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, बंटवारा में लक्ष्य पूर्ति न किए जाने पर जवाब मांगा है। इसके साथ ही 2 वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव भेजने को कहा है।

## थाना माढोताल अंतर्गत हुयी लूट का 24 घंटे के अंदर खुलासा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना माढोताल में दिनॉक 7-3-25 को शाम 7-30 बजे श्रीमति सुशीला बाई लोधी उम्र 60 वर्ष निवासी पिंडरई भेडाघाट ने सूचना दी कि वह शादी में समिलित होने बहोरीबंद बाकल कटनी जा रही थी, उसका लडका शैलेन्द्र सिंह उसे बैस मे बैठाने के लिये दीनदयाल बस स्टैण्ड मोटर सायकिल से आया था, वह दीनदयाल बस स्टैण्ड विकासा बार के सामने खडी थी बस स्टैण्ड के अंदर बस का पता करने गया था शाम 4-20 बजे 2 लडके मोटर सायकिल से आये पीछे बैठा लडका उतरकर पैदल उसके पास आया और उसके गले मे पहने हुये सोने का मंगलसूत्र व हार दोनो वजनी लगभग 3 तोला को खींचकर पीछे की ओर भागने लगा उसने रोकने की कोशिश की तो उसे जान से मारने की धमकी देते हुये मोटर सायकिल मे बैठकर दोनों भाग गये। दोनो लडके दुबले पतले उम्र लगभग 25-30 वर्ष होगी। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 165/25 धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), एवं नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल/ उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री बी एस गोठरिया के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी माढोताल श्री नीलेश दोहरे के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच एवं थाना माढोताल की टीम गठित कर लगायी गयी। दौरान विवेचना के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये मिले फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुये विश्वसीय मुखविर की सूचना पर लाल रंग की मोटर साईकल लिय खडे है दो संदिग्ध युवकों को घेराबंदी कर पकडा, दोनो ने पूछताछ पर अपने नाम नीलकमल उर्फ सोनू उम्र 22 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास हाउसिंग बोर्ड कालोनी थाना अधारताल एवं राहुल रैकवार उर्फ टिर्री पिता राजू रैकवार उम्र 26 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी पानी की टंकी के पास थाना अधारताल बताये दोनो ने सघन पूछताछ करने पर उपरोक्त घटना घटित करना स्वीकार करते हुये मंगलसूत्र रास्ते में कही गिर जाना एवं छीना हुआ हार पाटन बाईपास से भेडाघाट तरफ जाने वाले सर्विस रोड के किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखना बताये। आरोपियो की निशादेही पर झपट्टा मारकर छीना हुआ हार तथा घटना में प्रयुक्त लाल रंग की होण्डा शाईन मोटर सायकिल एमपी 20 एनबी 8997 जप्त करते हुये दोनों को प्रकरण मे विधिवत गिरफ्तार कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा मे जेल निरूद्ध कराया गया।

## कलेक्टर सक्सेना ने पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभागार में पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कहा गया कि 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में विद्यार्थियों के लिए सुलभ रूप से शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है। जिले में लगभग 4 लाख से ज्यादा बच्चे ऐसे हैं जो शैक्षणिक सामग्री का क्रय करते हैं और एक विद्यार्थी अपने शैक्षणिक सामग्री के लिए लगभग 5 हजार रूपये खर्च करते हैं। इस हिसाब से यह पुस्तक मेला में करोड़ों का व्यापार हो सकता है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों से पुस्तक मेला को भव्य व आकर्षक बनाने के सभी प्रयास करें। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पुस्तक मेला में पुस्तक व शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के लिए आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला से बच्चों को सस्ती व किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। इस व्यवस्था में सामग्रियों के विक्रय पर पारदर्शिता होगी और शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के एकाधिकार पर अंकुश भी लगेगा। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला में बुक, स्टेशनरी, यूनिफार्म व फूड स्टॉल के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी हों। विद्यार्थी अपनी पुरानी किताबों को डोनेट करें, इसके बदले उन्हें कूपन दिया जायेगा, जिसका उपयोग वे अपने स्टेशनरी खरीदने में कर सकते हैं। कोई भी विद्यार्थी अपने वांछित किताब से वंचित न रहें इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें। कलेक्टर ने कहा कि पुस्तक मेला में एक मीटिंग हॉल भी बनाया जाये, पुस्तक मेला का ब्रांडिंग किया जाये तथा प्रतिदिन एक मुख्य अतिथि को बुलायें। मेला स्थल पर पार्किंग व साफ-सफाई के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर मेला को भव्य व एक मॉडल रूप में लाना हैं। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री विनीत रजक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2024-25/ एम/50 दिनांक 08.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राहुल श्रीवास, शालू सेन, कीर्ति उमरे, तीनों के पिता- स्व. श्री गया प्रसाद,एवं श्रीमती मालती देवी, पति- स्व. श्री जगन्नाथ प्रसाद, एवं पुष्पा उमरे, किरण उमरे, पिता- स्व. श्री जगन्नाथ प्रसाद,** ने मकान नं.836 **वार्ड- लोक मान्य तिलक** ,निर्मित क्षेत्रफल 3222 व.फु., भूतल 2132 व.फु.+ 221 व.फु., प्रथमतल 869 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. स्वीकृति दिनांक 08/03/2025 अनुसार

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 424 दिनांक 10.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अखिलेश गुप्ता, पिता- स्व. श्री सुमेरचन्द्र गुप्ता,** ने मकान नं.1102 सम्पत्ति पिन नं. 1000617841 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** भूतल 449 व.फु., **त्यागपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 425 दिनांक 10.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती सरोज मेहता, पति- स्व. श्री सुरेन्द्र नाथ मेहता, 2. श्री शैलेन्द्र मेहता, पिता- स्व. श्री सुरेन्द्र नाथ मेहता** ने मकान नं. प्लाट नं. 530 सम्पत्ति पिन नं. 2000013905 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/248 दिनांक 10.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री श्रीपाल जैन एवं श्री दीपक जैन, पिता- श्री राधेलाल जैन** ने मकान नं. पी-135 का हिस्सा **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 364 व.फु., भूतल 364 व.फु. दुकान, प्रथमतल 240 व.फु. दुकान, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/249 दिनांक 10.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुषमा जैन, पति- स्व. श्री प्रदीप कुमार जैन एवं श्रीमती अंकिता जैन, पति- श्री भारत प्रदीप जैन** ने मकान नं. पी-135 का हिस्सा **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 350 व.फु., भूतल 280 व.फु., प्रथमतल 200 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/329 2024-25 दिनांक 10/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000507364 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री दीपक बाजपेयी, पिता- एम.आर. बाजपेयी** के स्थान पर आवेदक **श्री रूपेन्द कुमार जैन, पिता- स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती वर्षा जैन, पति- श्री रूपेन्द्र कुमार जैन** ने **मकान नं. 560 से 566, फ्लेट- ए- 103, वार्ड क्र.- 12. ,....... वार्ड,** प्रथमतल 780 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/328 2024-25 दिनांक 10/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000507796 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री गोपाल तन्तवाय** के स्थान पर आवेदक **श्री रूपेन्द्र दानपति, पिता- श्री राजेन्द्र कुमार जैन** ने **मकान नं. 560/7, वार्ड क्र.- 12. ,....... वार्ड,** भूतल 160 व.फु., **दस्तावेज- विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/327 2024-25 दिनांक 06/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000505158 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री प्रकाश चंद्र बसेडिया, पिता स्व. श्री भैयालाल बसेडिया** के स्थान पर आवेदक **श्री प्रदीप श्रीवास्तव, पिता- स्व. श्री सत्यनारायण श्रीवास्तव** ने **मकान नं. 874/875, वार्ड क्र.- ......... ,नरसिंह वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1995 व.फु., भूतल 1056 व.फु., प्रथमतल 480 व.फु. , **दस्तावेज- विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/326 2024-25 दिनांक 10/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000512409 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री लखन लाल पटेल, पिता- स्व. श्री ठाकुर प्रसाद पटेल,** के स्थान पर आवेदक **श्री अनुराग बडेरिया (एच.यू.एफ.) , पिता- श्री अनंत बडेरिया एवं श्रीमती रचना भूरा, पति- श्री निशांत भूरा,** ने **मकान नं. 1236, वार्ड क्र.- 13 ,..................वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 778 व.फु., भूतल 500 व.फु., , **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/325 2024-25 दिनांक 10/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000505058 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री बिनीत घोष, पिता- सुजीत कुमार घोष** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती मनीषा देवी, पति स्व. श्री अशोक कुमार बुधवानी एवं श्री विनोद कुमार बुधवानी, पिता- स्व.श्री अशोक कुमार बुधवानी,** ने **मकान नं. फ्लैट नं. 301 एफ.- ब्लाक, राजुल अपार्टमेन्ट, वार्ड क्र.- 14 ,..................वार्ड,** तृतीयतल 840 व.फु. आर.सी.सी., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -117, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 10.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सविता कुशवाहा काछी, पति- श्री अशोक कुमार काछी** ने मकान नं. 1628 पिन नं. 1000587181 **वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड,** भूतल 720 व.फु. आर.सी.सी., **आधार कार्ड, शपथ पत्र, पंजीकृत विक्रयपत्र, खसरा,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्री निर्मल कुमार वर्मा, पिता- श्री शम्भू नाथ वर्मा, मकान नं. 1628 पिन नं. 1000587181 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999